



# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकतः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

युवाओं को नेशन फर्स्ट की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की निर्णायक भूमिका होगी, मुख्यमंत्री धामी यहां गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित 'राष्ट्र निर्माण उत्सव' कार्यक्रम में तीन नए रेडियो चैनलों के शुभारंभ के मौके पर संबोधित किया

**आत्मनिर्भर**

यह आयोजन विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प हैः सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत है और युवाओं को नेशन फर्स्ट की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की निर्णायक भूमिका होगी। मुख्यमंत्री धामी यहां गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित 'राष्ट्र निर्माण उत्सव' कार्यक्रम में तीन नए रेडियो चैनलों के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि उन्हें जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बनना होगा। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना आवश्यक है और राज्य सरकार डिमांड बेस्ड स्किल ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दे रही है।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और युवाशक्ति को राज्य की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि सरकार स्टार्टअप, कौशल विकास और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त बना रही है।

मुख्यमंत्री ने रेडियो की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी बदलावों के बावजूद इसकी विश्वसनीयता और आत्मीयता आज भी बनी हुई है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए रेडियो को पुनः लोकप्रिय बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में राकेश बेदी, मेजर प्राजुक्ता देसाई सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## प्रदेश में खुलेंगे 50 स्विफ्ट स्कूलों, शिक्षा विभाग के साथ एमओयू

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में 50 स्विफ्ट स्कूल स्थापित किये जायेंगे। इसके लिये शिक्षा विभाग एवं कॉन्वजीनियस फाउण्डेशन के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है। जिसके तहत इन विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक तकनीकयुक्त डिजिटल अवसंरचना विकसित की जाएगी। साथ ही कॉन्वजीनियस फाण्डेशन एमेजन वेब सर्विस के सहयोग से छात्र-छात्राओं को एक हजार लैपटॉप भी वितरित करेगा। स्विफ्ट स्कूलों की स्थापना के लिए विभाग ने स्कूलों का चयन कर लिया है, साथ ही विभागीय अधिकारियों को स्विफ्ट स्कूलों के शीघ्र संचालन को निर्देश दे दिये गये हैं। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को तकनीकी आधारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इसी कड़ी में समग्र शिक्षा एवं कॉन्वजीनियस फाउण्डेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन साइन हुआ है। जिसके तहत प्रदेशभर में 50 स्विफ्टस्कूल की स्थापना की जाएगी। डॉ. रावत ने बताया कि स्विफ्ट स्कूल एक एकीकृत विद्यालय परिवर्तन मॉडल है। जिसमें व्यक्तिगत शिक्षण, कक्षाओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग, शिक्षकों को डेटा आधारित सहायता के साथ ही डिजिटल अवसंरचना का समावेश होगा। जिससे छात्र-छात्राओं को उनके सीखने के स्तर के अनुसार शिक्षा देने में मदद मिलेगी साथ ही शिक्षकों को डेटा आधारित जानकारी मिलेगी जिससे वह कक्षा में अधिक प्रभावी अध्यापन कर सकेंगे।

## राज्यपाल के समक्ष 'विधि सहयोगी' एप का प्रस्तुतीकरण, आमजन को मिलेगी सरल कानूनी सहायता

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष बुधवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने विधि सहयोगी मोबाइल एप का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया गया कि विधि सहयोगी एक एआई सक्षम मोबाइल एप है, जो आम लोगों को सरल भाषा में कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विधिक सहायता तक पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एप के माध्यम से उपयोगकर्ता कानूनी विषयों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, अध्ययन सामग्री हासिल कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं से संपर्क भी कर सकेंगे। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि भविष्य में इसमें ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। कुलपति ने बताया कि इस पर कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही इसकी लॉन्चिंग की जाएगी।

**सराहना**

राज्यपाल ने एप को तैयार करने वाली टीम एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की

राज्यपाल ने एप को तैयार करने वाली टीम एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि एप में समय-समय पर आवश्यक सुधार एवं अपडेट किए जाते रहें, ताकि इसकी उपयोगिता और प्रभावशीलता निरंतर बढ़ती रहे। उन्होंने इस एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया, जिससे अधिक से अधिक आमजन इसके बारे में जान सकें और इसका लाभ उठा सकें तथा लॉन्च से पूर्व लोगों की जागरूकता हेतु कार्यशालाएँ आयोजित करने का सुझाव दिया।

# महिलाओं के आरक्षण की बात भाजपा का ढकोसलाः अजय राय

**साधा निशाना**

कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही महिलाओं को सम्मान देती रही हैः कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को आने वाले महिला आरक्षण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लाया जाना वाला महिला आरक्षण बिल सिर्फ ढकोसला है। अजय राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही महिलाओं को सम्मान देती रही है। सबसे पहले सरोजिनी नायडू को उत्तर प्रदेश का राज्यपाल तथा सुचित्रा कृपलानी को प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया। फिर इंदिरा गांधी देश के प्रधानमंत्री बनी। उसके बाद प्रतिभा ताई पाटिल को देश का राष्ट्रपति बनाया और बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया। श्री राय ने कहा कि नोएडा में जो घटना घटी है वह बताती है कि सरकार पूरी तरह से शासन चलाने में अयोग्य साबित हुई है और इस मुद्दे पर निर्णय लेने में असफल साबित हुई है। इसका परिणाम है कि नोएडा में आज कई लोग घायल हैं।

# किसानों ने की गोशालाओं में गौवंशों को आलू खिलाने की नीति बनाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरुर्खाबाद।** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जनपद के किसानों ने गौशालाओं में आलू भी खिलाने की नीति बनाने की मांग दुग्ध विकास एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह से की है। आलू विकास विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार के नेतृत्व में इस संबंध में एक पत्र बुधवार को पशुधन विकास मंत्री को सम्बोधित भेजा गया, जिसमें कहा गया कि आलू की मंदी से किसान अत्यधिक परेशान हैं। सरकार गौशालाओं में छह से 10 रुपये में भूसा खरीद कर खिला रही है।

आलू पौष्टिक व सस्ता पशु चारा है, जिससे किसानों को भी फायदा होगा और सरकार को राजस्व की बचत होगी।

अशोक कटियार ने कहा कि आलू किसानों के हित में तत्काल नीति बनायी जाए तथा संसद, विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिल कर मांग की जाएगी। किसान आलू पर छाई मंदी से परेशान है। पत्र देने में भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अतुल कुमार दीक्षित, प्रभाकर राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलड़ैते राजपूत, ममता सिंह, सभासद अजीत दिवाकर शामिल रहे।

**मांग**

आलू किसानों के हित में तत्काल नीति बनायी जाए तथा संसद, विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए

# गोरखपुर में अध्यात्म और उद्योग का संगम, टाटा संस के चेयरमैन ने किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** बुधवार को गोरखनाथ मंदिर का पावन परिसर एक विशेष अवसर का साक्षी बना, जब एन. चंद्रशेखरन ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस गरिमामय अवसर पर योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहे। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। मंदिर परिसर में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। दर्शन-पूजन के पश्चात एन. चंद्रशेखरन ने मंदिर की प्राचीन परंपराओं और समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने इस दिव्य अनुभव को आत्मिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बताया। यह अवसर न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि उद्योग जगत और सांस्कृतिक विरासत के सुंदर संगम का भी प्रतीक बना।

# पोषाहार वितरण में लापरवाही पर सख्ती, सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में पोषाहार वितरण व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ई-केवाईसी और चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरसी) के जरिए लाभार्थियों को पोषाहार वितरण में ढिलाई मिलने पर सात बाल विकास परियोजना अधिकारियों और कई सुपरवाइजरों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया ने समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इस कार्रवाई की जद में धमापुर, मछलीशहर, मड़ियाहूं, करंजाकला, मुंगराबादशाहपुर और रामपुर ब्लॉक के सीडीपीओ शामिल हैं। संबंधित सुपरवाइजरों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।इस मामले में जानकारी लेने पर बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि एफआरसी के माध्यम से पोषाहार वितरण में जौनपुर ने प्रदेश स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया है, जो पहले की तुलना में बेहतर प्रगति दर्शाता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुधार न होने पर वेतन/मानदेय रोकने सहित विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर 24 वर्ष पूर्व हमले के मामले में विधायक व एमएलसी सहित सभी आरोपित बरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी । उत्तर** प्रदेश के वाराणसी में 24 साल पूर्व जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथियों पर हुए प्राणघातक हमले के मामले में सभी आरोपितों को न्यायालय ने बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में विधायक अभय सिंह और एमएलस श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह सहित छह लोग आरोपित थे। जिले की विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए यजुवेंद्र विक्रम सिंह की ने अपने फैसले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व चार अन्य व्यक्तियों पर अत्याधुनिक असलहों से जानलेवा हमला मामले में आरोप साबित न होने पर संदेह का लाभ देते हुए आरोपित विधायक अभय सिंह, संजय सिंह रघुवंशी, सतेंद्र ऊर्फ बबलू सिंह, संदीप सिंह उर्फ पप्पू, विनोद सिंह और एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह को दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को जौनपुर के पूर्व सांसद व तत्कालीन रारी विधायक धनंजय सिंह अपने कुछ साथियों के साथ कार से अस्पताल में भर्ती अपने पारिवारिक सदस्य को देखकर शाम छह बजे वाराणसी से वापस जौनपुर लौट रहे थे।

उनका काफिला जैसे ही नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के पास पहुंचा। तभी वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। बताया गया कि आत्मरक्षार्थ धनजय के गनर ने भी गोली चलाई।



# राम जन्मभूमि में 'ज्योतिस्वरूप' कलाकृति पर अविमुक्तेश्वरानंद ने लिखा चम्पत राय को पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को पत्र लिखकर अयोध्या में जन्मभूमि के मूल स्थान की शास्त्रीय स्थिति और वहाँ स्थापित की गई पीतल की 'ज्योतिस्वरूप' कलाकृति पर गंभीर आपत्ति दर्ज की है। शंकराचार्य ने इसे शास्त्रीय मयार्दाओं का उल्लंघन और परंपराओं के साथ किया गया 'अक्षम्य ब्लंडर' करार दिया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्पष्ट किया है कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मभूमि का प्रत्येक कण वंदनीय है। विशेषकर वह स्थान जहाँ पूर्व में केंद्रीय गुंबद था और जहाँ वर्षों तक प्रभु का 'चल विग्रह' प्रतिष्ठित रहा, वह अपनी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के कारण अत्यंत संवेदनशील है। शंकराचार्य ने ट्रस्ट से प्रश्न किया है कि क्या वर्तमान भव्य मंदिर का गर्भगृह उस 'मूल जन्म स्थान' से अलग बनाया गया है? उन्होंने चेताया कि यदि ऐसा है, तो यह शास्त्र और परंपरा की दृष्टि से एक भारी भूल है, क्योंकि गर्भगृह का स्थान अपरिवर्तनीय होता है। ट्रस्ट द्वारा उक्त पावन स्थान पर स्थापित की गई पीतल की 'ज्योतिस्वरूप' कलाकृति पर आपत्ति जताते हुए महाराज श्री ने कहा कि "अग्निमुखं वै देवाः।" ज्योति का अर्थ साक्षात 'तेज' तत्व (अग्नि) है। पीतल को ज्वाला का आकार दे देने मात्र से वह ज्योति नहीं हो जाती। बिना घी, तेल और वर्तिका के किसी भी जड़ पदार्थ को 'ज्योति' की संज्ञा देना शब्द-भ्रमोत्पादन और शास्त्रीय मयार्दा का अपमान है। जो आकृति स्वयं के प्रकाश के लिए बाहरी विद्युत (बिजली) पर निर्भर हो।

राज्य सरकार पोल्ट्री क्षेत्र में बड़े निवेश तथा तकनीकी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रही है : धर्मपाल सिंह

# अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उप्र पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026 का शुभारंभ

**उत्पादन**

प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उप्र पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026 का शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में दो दिवसीय ह्लउप्र पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026ह्व का शुभारंभ भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। कॉनक्लेव में बड़ी संख्या में पोल्ट्री पालक, हैचरी संचालक, उद्यमी, स्टार्टअप, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, पशुचिकित्सक विशेषज्ञ एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि उप्र के मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह कॉनक्लेव प्रदेश को पोल्ट्री हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उद्योग विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पोल्ट्री क्षेत्र की समस्याओं एवं चुनौतियों के समाधान में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कॉनक्लेव प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भविष्य में नियातोन्मुखी दिशा में अग्रसर करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेश के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उद्यमियों से पोल्ट्री क्षेत्र में निवेश करने तथा आमजन से इस क्षेत्र के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पोल्ट्री सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार पोल्ट्री क्षेत्र में बड़े निवेश तथा तकनीकी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहा है। यह कॉन्क्लेव प्रदेश के पोल्ट्री क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें उद्योग विशेष नीवनतम तकनीकी चुनौतियों, संभावनाओं एवं नवाचारों पर मार्गदर्शन देंगे। साथ ही सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता एवं व्यावहारिक समाधान पर भी विस्तृत चर्चा के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से हितधारकों को नेटवर्किंग, निवेश के अवसर एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उप्र को पोल्ट्री हब बनाया जा सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 की 20वीं पशुगणना के अनुसार प्रदेश में 125.16 लाख कुक्कुट हैं तथा वर्ष 2024-25 में प्रदेश में लगभग 611 करोड़ अंडों का उत्पादन हुआ है।

अनुशासन-राष्ट्रीय दायित्व की भावना ही व्यक्ति की सफलता को निर्धारित करती है : विजेंद्र गुप्ता

# जिम्मेदार और सजग नागरिकों की आवश्यकता हैः विजेंद्र गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता बुधवार को मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अंक अवसरों के द्वार खोल सकते हैं, परंतु अनुशासन, विवेक और राष्ट्रीय दायित्व की भावना ही व्यक्ति की दूरी और सफलता को निर्धारित करता है। विजेंद्र गुप्ता कहा कि यह अवसर केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का ही नहीं, बल्कि उस निरंतरता, परिश्रम और समर्पण का भी सम्मान है, जो सफलता को स्थायी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उपलब्धि तभी सार्थक होती है जब वह उद्देश्य और चरित्र से जुड़ी हो। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षण संस्थान ऐसे व्यक्तित्वों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो आगे चलकर सार्वजनिक जीवन, प्रशासन और बौद्धिक क्षेत्रों में सार्थक योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ व्यक्ति के विवेक को विकसित करना और उसे समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

विद्यालयों को शैक्षणिक के साथ-साथ चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए गुप्ता ने कहा कि शिक्षा सदैव सामाजिक परिवर्तन और संवैधानिक दृष्टि का सशक्त माध्यम रही है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया और कहा कि इससे न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। समकालीन मुद्दों का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने ब्रेन ड्रेन पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक अवसर महत्वपूर्ण हैं, परंतु देश की दीर्घकालिक शक्ति इस बात पर निर्भर करती है कि युवा अपनी प्रतिभा का उपयोग देश के भीतर किस प्रकार करते हैं। विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल कुशल ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार और सजग नागरिकों की आवश्यकता है।

## 'विद्यालयों को शैक्षणिक के साथ-साथ चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए'

गुप्ता ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने मूल्यों से जुड़े रहें और समाज के प्रति सार्थक योगदान देने का संकल्प लें। इस अवसर पर उन्होंने शताब्दी यात्राः वीर विठ्ठलभाई की गौरव गाथा शीर्षक कॉफी टेबल बुक विद्यालय के पुस्तकालय में रखने के लिए भेंट की, जो भारत की संसदीय विरासत और श्री विठ्ठलभाई पटेल के स्थायी योगदान को दर्शाती है। विद्यालयों को शैक्षणिक के साथ-साथ चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए गुप्ता ने कहा कि शिक्षा सदैव सामाजिक परिवर्तन और संवैधानिक दृष्टि का सशक्त माध्यम रही है।



उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया और कहा कि इससे न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। समकालीन मुद्दों का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने ब्रेन ड्रेन पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक अवसर महत्वपूर्ण हैं, परंतु देश की दीर्घकालिक शक्ति इस बात पर निर्भर करती है कि युवा अपनी प्रतिभा का उपयोग देश के भीतर किस प्रकार करते हैं। विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल कुशल ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार और सजग नागरिकों की आवश्यकता है।

# साध्वी निरंजन ज्योति को मिली धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान में पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति को बम से उड़ाने की धमकी मिली। उनके आधिकारिक ईमेल पर मिली धमकी में कार्यालय एवं आवास को निशाना बनाने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आज पूर्वाह्न सवा 11 बजे के समय साध्वी निरंजन ज्योति अपने कार्यालय में थीं। इसी दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। फिलहाल मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि साध्वी ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष के रूप में हाल ही में कार्यभार संभाला है। क्राइम टीम ने मौके पर बैग खोलकर देखा तो उसमें करीब 40 वर्षीय एक पुरुष का शव था, जो सड़ी-गली अवस्था में था। मृतक ने जींस और फुल स्लीव शर्ट पहन रखी थी।

उसके चेहरे पर हल्की दाढ़ी थी, जबकि शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और फोटोग्राफी की।

# मंत्री सूद ने जन जागरुकता अभियान का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर राजधानी के विद्यालयों एवं अस्पतालों में सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए जन-जागरूकता अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अभियान का आयोजन शिक्षा और अग्नि शमन सेवा विभाग कर रहा है। सूद ने सुरक्षित विद्यालय अभियान की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुदृढ़ किया जाएगा।

मंत्री सूद ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए अग्निशमन सेवा सप्ताह की बधाई दी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाने वाला यह सप्ताह देश के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। सूद ने वर्ष 1944 में मुंबई के फोर्ट स्टिकिंग जहाज में लगी भीषण आग के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीर फायरमैन को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

उन्होंने इस वर्ष की थीम– सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक समाज झ्र अग्नि सुरक्षा के लिए एकजुट प्रयास का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सूद ने बताया कि दिल्ली फायर सर्विस का मूल मंत्र "सेवा ही बचाव है" और पिछले एक वर्ष में विभाग द्वारा 36,877 आपातकालीन कॉल्स सफलतापूर्वक अटेंड की गई है। विभाग निरंतर अपनी तकनीक और प्रशिक्षण को सुदृढ़ कर राजधानी को सुरक्षित बनाने के लिए कार्यरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग आग से डरे नहीं बल्कि इससे जूझने के लिए अपने मन और अपने आप को तैयार और जागरूक रखें।

फायर सेफ्टी प्रोटोकॉल्स का पालन करना और विद्यालय में समय समय पर आयोजित मॉक ड्रिल्स एवं डेमोंस्ट्रेशन में सक्रिय भागीदारी करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रशिक्षण आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षा में सहायक होता है। और आग से बचाव करने में हमारी सहायता भी करता है। आग से बचाव के लिए दिल्ली फायर सर्विस द्वारा अब तक 1000 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

# झटकाः पवन खेड़ा को तेलंगाना हाई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत पर रोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने पवन खेड़ा को तेलंगाना उच्च न्यायालय से मिली एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। असम सरकार ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ यह कहते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था कि तेलांगना उच्च न्यायालय को इस केस की सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं बनता है। असम सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पवन खेड़ा को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पवन खेड़ा चाहें तो असम की क्षेत्राधिकार वाली कोर्ट का जमानत के लिए रुख कर सकते हैं। तब संबंधित कोर्ट केस की मेरिट के आधार पर जमानत पर फैसला ले। उच्चतम न्यायालय के आज का आदेश उसमें बाधा नहीं बनेगा। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल को पवन खेड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए एक हफ्ते की ट्रांजिट रिमांड देने का आदेश दिया था। दरअसल, असम में एफआईआर दर्ज होने के बाद असम पुलिस ने 07 अप्रैल को दिल्ली स्थित पवन खेड़ा के आवास पर छापा मारा था लेकिन वह अपने आवास पर नहीं मिले थे।

**रोक लगाई**

- असम सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है



# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक निर्णय: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पदयात्रा सिर्फ एक पद यात्रा नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक जन आंदोलन है। यह सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निमार्ता बनाने की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आना एक ऐतिहासिक निर्णय है, इस अधिनियम के पारित होने से महिलाओं को अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

सुमन सैनी बुधवार को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा के अवसर पर श्री रघुनाथ मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। इसके पश्चात उन्होंने हरी झंडी दिखाकर नारी शक्ति वंदन पदयात्रा को रवाना किया। यह पदयात्रा श्री रघुनाथ मंदिर चौक से शुरू होकर गांधी चौक, सदर बाजार, जवाहर मार्किट, नावेल्टी चौक, दयालपुरा गेट, कर्ण गेट पर समाप्त हुई। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ड्रामा पार्टी के कलाकारों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम व महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लोक गीत के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया।

**जताया आभार**

**नारी शक्ति वंदन पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार**

सुमन सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 जैसा ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद किया, जिनके नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर कई ऐसी महान महिलाएं हुई हैं, जिन्होंने समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई।



उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा, पंडिता रमाबाई ने महिला अधिकारों के लिए और रानी लक्ष्मीबाई देश की आजादी के लिए लड़ीं। इन सभी ने महिलाओं को यह संदेश दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं। इसी कड़ी में कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में जाकर देश का नाम रोशन किया, उन्होंने यह साबित किया कि अगर अवसर और समर्थन मिले, तो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं और समाज को नई दिशा दे सकती हैं। इन सभी महान महिलाओं से हमें यह सीख मिलती है कि अगर हौसला और दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी बदलाव संभव है।

उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को मौका मिलता है, तो वे बहुत अच्छा काम करती हैं। आज देश की पंचायतों में लगभग 14.5 लाख महिलाएं चुनी गई हैं, जो कुल प्रतिनिधियों का करीब 46 प्रतिशत हैं। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। आज प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत लगभग 32.29 करोड महिलाएं बैंकिंग सिस्टम से जुडकर आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनी हैं।

मुद्रा योजना के तहत दिए गए ऋणों की सहायता से लाखों महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया है। इसके साथ ही देश की 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जो उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बदलाव एक दिन में नहीं आया है। यह निरंतर प्रयासों का परिणाम है लेकिन अभी भी एक बड़ा कदम बाकी था और वह था महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अवसर देना।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेंगी तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और विकास जैसे मुद्दों को और मजबूती से उठाएंगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा, जब महिलाएं पूरी तरह सशक्त होंगीं। यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं है। बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देने वाला एक निर्णायक कदम है। जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ेंगीं, तो विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनेगी।

### महिला आरक्षण बिल लाना एक ऐतिहासिक कदम : जगमोहन आनंद

विधायक जगमोहन आनंद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल (33 प्रतिशत) लाना एक ऐतिहासिक कदम है। अब महिलाएं केवल घर के चूल्हे तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि विधानसभा और संसद में बैठकर देश के लिए कानून बनाएंगी। वह दिन दूर नहीं जब इसी आरक्षण के माध्यम से प्रदेश को महिला मुख्यमंत्री भी मिल सकती है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता सिद्ध कर रही हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्य : रेनू बाला गुप्ता

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी अधिनियम के लिए 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाया है।

यह अधिनियम महिलाओं को नए अवसर प्रदान करेगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की धर्मपत्नी रेशमा कल्याण, विधायक जगमोहन आनंद की धर्मपत्नी रेखा आनंद, हरियाणा वाणी एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कल्याण समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन मेघा भंडारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रियंका कठपाल, भाजपा नेता बृज गुप्ता, भाजपा नेत्री रजनी परोचा, पार्षद अमृत लाल जोशी व संकल्प भंडारी सहित अन्य पार्षद, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, नवीन बत्रा व गौरव खुराना, प्रशासन की ओर से एडीसी डा. राहुल रईया, सीटीएम मोनिका शर्मा, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक, शिक्षा विभाग व स्वयं सहायता समूह तथा सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

## बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत तीन छात्राएं सम्मानित

### उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं, मेहनत के साथ पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा ने आज जिला सचिवालय में निसिंग ब्लाक के गांव कतलाहेडी के सरकारी स्कूल की तीन छात्राओं को बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत सम्मानित किया। इन्हें क्रमशः 75, 45 व 30 हजार रुपये के चेक वितरित किए। उपायुक्त ने तीनों छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई देते हुऐ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कड़ी मेहनत से आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।



सिविल सर्जन पूनम चौधरी व उप सिविल सर्जन डा. शीनू चौधरी ने बताया कि 2025 में कतलाहेड़ी गांव में जन्मे 54 शिशुओं में से 34 लड़कियां और 20 लडके थे। इस प्रकार इस गांव का लिंगानुपात 1700 रहा। इस गांव की आबादी 5029 है। उन्होंने बताया कि बेस्ट विलेज अवार्ड उसी गांव को दिया जाता है, जिसकी आबादी 5 हजार से अधिक हो और हर साल तीस से ज्यादा प्रसव हुए हों। इसके आधार पर लिंगानुपात निकाला जाता है।

उन्होंने कहा कि सर्वाधिक लिंगानुपात वाले गांव की तीन मेधावी छात्राओं को बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत सम्मानित किया जाता है। आज कतलाहेडी के सरकारी स्कूल की दसवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाली तीन छात्राओं अंशुल, पायल व लक्की को उक्त राशि के चेक देकर सम्मानित किया गया।

## एक किलो 226 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशा तस्करी के आरोपी देबू उर्फ रावण निवासी डेहा बस्ती, मंगल कॉलोनी, करनाल को शक के आधार पर काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक किलो 226 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई, जिसे कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज किया गया है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह जल्दी अमीर बनने और अपने शौक पूरे करने के लिए गांजा पत्ती बेचने का काम करता था। मामले में आज आरोपी को न्यायालय के सामने पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ कर नशे के इस कारोबार में आरोपी के अन्य साथियों की संलिप्ता बारे पता लगाने हेतु मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## जेल लोक अदालत में हुआ चार मामलों का निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया।

सीजेएम ने आयोजित जेल लोक अदालत में रखे गए सभी चार मामलों का निपटारा किया, जिनमें पांच बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। इस दौरान उन्होंने जेल में रह रहे बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

प्लेस ऑफ सेफ्टी व एमडीडी बाल भवन का किया निरीक्षण
दोपहर बाद डीएसजे अजय कुमार शारदा व सीजेएम डॉ. इरम हसन ने प्लेस आफ सेफ्टी व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेस आफ सेफ्टी में रह रहे ज्युवेनाइल व एमडीडी बाल भवन में रह रहे बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने ज्यूविनायलों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### बाबा साहेब के चित्र के अपमान से भड़का विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के बालराजपूतान गांव में बाबा साहेब की जयंती पर लगाए गए चित्र के गायब होने और ध्वज के अपमान के आरोप गांव के सरपंच व उसके साथियों पर लगाए है। मंगलवार देर रात को जब बाबा साहेब का चित्र गांव से गायब हुआ, तो समाज के लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध किया।

वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मामले को शांत करवाने की कोशिश की। समाज के लोगों ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है, वहीं सरपंच ने भी पुलिस को एक शिकायत दी है, जिसमें उन्होने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है। पुलिस की मानें तो समाज के लोगों को डीएसपी कार्यालय में बुलाया गया था, लेकिन ये लोग नहीं गए।

मंगलवार को गांव राजपूतान में बाबा साहेब की जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गांव के एक स्थान पर बाबा साहेब का चित्र लगाया गया और लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही ध्वज भी लगाया गया था। आरोप है कि देर रात अंधेरे में किसी ने वहां से बाबा साहेब की फोटो को गायब कर दिया और झंडे को भी नुकसान पहुंचाया।

रमेश व समाज के अन्य लोगों का कहना है कि बाबा साहेब की जयंती पूरे विश्व में मनाई गई और गांव में भी पूरे सम्मान के साथ कार्यक्रम हुआ। आरोप है कि गांव के सरपंच सुरजीत अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और चित्र को उखाडकर ले गए। साथ ही ध्वज का भी अपमान किया। लोगों ने साफ कहा कि बाबा साहेब का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाज ने यह भी आरोप लगाया कि बीते दो साल से सरपंच उनके साथ अन्याय कर रहा है। जिस जमीन पर बाबा साहेब की प्रतिमा लगाई गई थी, उसे समाज के लोगों ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हासिल किया और कोर्ट से केस भी जीता। इसके बावजूद सरपंच अब उस जमीन को पंचायती बता रहा है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि वे इस मामले को लेकर उपायुक्त से मिलेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

### शादी का झांसा देकर महिला से रेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि एक युवक ने पहले शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए, फिर चोरी से वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोप है कि आरोपी ने उसे ससुराल से भगाकर अपने पास रखा, लेकिन अब उसे अपनाने से इनकार कर दिया और जान से मारने जैसी बातें कहने लगा। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता सोनीपत जिला के एक गांव की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 15 साल पहले नजफगढ़ दिल्ली में हुई थी। वह अपने भाई की शादी में गांव आई हुई थी, जहां उसके भाई का दोस्त मनोज भी आया हुआ था। इसी दौरान उसने किसी से उसका मोबाइल नंबर लेकर उसे फोन करना शुरू कर दिया।

पीड़िता के अनुसार, जब वह अपने ससुराल लौट गई, तो आरोपी रात में शराब पीकर उसे फोन करता था। उसने कई बार मना किया कि वह शादीशुदा है और उसे फोन न करे, लेकिन आरोपी नहीं माना। एक दिन उसने शराब के नशे में उसके पति को फोन कर दिया, जिससे ससुराल में विवाद हो गया।

महिला ने आरोप लगाया कि एक दिन आरोपी मनोज अपने दोस्त विकास के साथ उसके ससुराल पहुंच गया। दोनों ने वहां शराब पीकर हंगामा किया और उसे बाहर आने के लिए धमकाया।

## रेडकास भवन में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में 30 युवाओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सभी रक्तदाताओं को बेज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि रक्त की कमी के कारण किसी की जान न जाए। उन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। यदि हमारे युवा धार्मिक और मानव कल्याण के कार्यो में रुचि रखेंगे तो स्वाभाविक है कि वो नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहेंगे। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल दुकान पर फायरिंग करने के मामले में आरोपी काबू

**सफलता**

**अपराध व फिरौती से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करते हुए सफलता प्राप्त की गई है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में संगठित अपराध व फिरौती से जुड़े मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे चानना रोड चीका स्थित गिल मोबाइल शाप पर दो अज्ञात युवकों ने मोटरसाइकिल पर आकर फायरिंग कर दी थी। हमलावर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।



जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम की टीम द्वारा विश्वसनीय गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में वांछित आरोपी कीर्ति नगर कुरुक्षेत्र निवासी रजत को काबू किया गया। एसपी ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार आरोपी रजत पुनः कोई वारदात करने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को रात के समय पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ढांड क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां आरोपी बाइक पर भागने लगा तथा केएमपी 152डी पुल के पास पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आरोपी द्वारा पुलिस पर लगभग चार राउंड फायर किए गए। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में सीमित एवं नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर काबू कर लिया गया। घायल आरोपी को उपचार हेतु सिविल अस्पताल कैथल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल .32 बोर व 2 कारतूस तथा 4 खाली खोल बरामद किए गए हैं। उक्त मामले में आरोपी रजत की गिरफ्तारी पर हरियाणा पुलिस की तरफ से 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी रजत के विरुद्ध पूर्व में जिला कुरुक्षेत्र व करनाल में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा पूरे मामले व संगठित अपराध से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जिला कैथल पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

## चीका की विभिन्न मंडियों में 9 लाख 60 हजार 930 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गुहला क्षेत्र में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक चीका क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में 9 लाख 60 हजार 930 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसानों को किसी प्रकार परेशानी न हो इसके लिए सभी मंडियो में पुख्ता इंतजाम किए हुए है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेषों में आग न लगाएं, बल्कि इसको मशीनों की सहायता से पशुओं के लिए चारा के लिए उपयोग में लाएं। आग लगाने से जान-माल की हानि होने की संभावना बनी रहती है।



एसडीएम ने कहा कि चीका अनाज मंडी में 2 लाख 54 हजार 10 क्विंटल, नई अनाज मंडी चीका में 4 लाख 13 हजार 60 क्विंटल, अंगोध में 31530 क्विंटल, अरनौली में 29170 क्विंटल, बलबेहड़ा में 24170 क्विंटल, बाउपुर में 6830 क्विंटल, भागल में 19820 क्विंटल, भूंसला में 25560 क्विंटल, कमहेड़ी में 7030 क्विंटल, कांगथली में 39200 क्विंटल तथा रामथली में 110550 क्विंटल गेहूं की विभिन्न एजेसियों द्वारा खरीद की गई। एसडीएम ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि क्षेत्र की सभी मंडियों तथा खरीद केंद्रों पर सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखें और किसानों को मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी व शौचालय आदि उपलब्ध करवाएं। किसानों की समस्याओं को तुरंत समाधान करवाएं, किसानों को मंडियों में गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## चीका शहर में अवैध रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़, पाए गए 15 मरीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने चीका शहर की एक कालोनी में बने एक मकान में अवैध रूप से चलाए जा रहे एक नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त नशा मुक्ति केंद्र के बारे में उपायुक्त कैथल का एक गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने तीन डाक्टरों की एक टीम गठित की, जिनमें डाक्टर अमन बंसल, डाक्टर नवराज, डाक्टर चेतन वर्मा के साथ साथ एक समाजसेवी धर्मवीर शामिल थे। उक्त जानकारी देते हुए डा. अमन बंसल ने बताया कि जब उनकी टीम ने छापा मारा, तो मौके पर 15 मरीज पाए गए परंतु नशा मुक्ति केंद्र का संचालक व उसका कोई सहायक मौजूद नहीं मिले। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान कोई नशे की दवा भी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में पाए गए कुछ रिकार्ड मिला, तो जब उसे खंगाला गया, तो यह बात पता चली कि पहले यहां नशा मुक्ति केंद्र चलता था परंतु पिछले साल उसका लाइसेंस रद्द हो गया था और अब इसे अवैध रूप से चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान पाए गए मरीजों को कैथल अस्पताल भेजा गया है और वहां उनकी काउंसलिंग करके आगामी कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा।

## नशा मुक्ति साइकिल जागरूकता रैली पहुंची करनाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रदेश स्तरीय नॉन स्टॉप हरियाणा अभियान के तहत स्वच्छ, स्वस्थ, नशा मुक्त, शिक्षित और विकसित हरियाणा के उद्देश्य से साइकिल जन-जागरूकता रैली आज करनाल पहुंची। हिसार, हांसी व कैथल होते हुए आई इस रैली का प्रशासन ने स्वागत कर स्काउट्स को सम्मानित किया। उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजराणिया ने युवाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया और अंबाला के लिए रवाना किया। बता दें कि यह रैली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशामुक्त हरियाणा विजन के तहत निकाली जा रही है। अभियान की शुरूआत 17 मार्च को संत कबीर कुटीर से की गई थी। रैली के माध्यम से नशामुक्त, स्वच्छ व शिक्षित हरियाणा का संदेश दिया जा रहा है।




ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह के नेतृत्व व ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण कुमार के मार्गदर्शन में टीम प्रदेशभर में जागरूकता फैला रही है। कार्यक्रम में उप नोडल अधिकारी हिमांशु भाटी सहित विवेक, पार्थ, हर्षित, माहिर, विनय, राहुल, रिंकू, देवेश, मयंक, खुशी, तमन्ना आदि रोवर्स रेंजर्स व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# विद्यालय में नए सत्र का स्वागत, नई उम्मीदों का नया अध्याय

**हर** अप्रैल स्कूल के गेट पर नया सत्र दस्तक देता है। बस्ते बदलते हैं, किताबें बदलती हैं, यूनिफॉर्म की क्रीज नई होती है और बच्चों की कक्षाएं भी नई हो जाती हैं। पर क्या हमारी सोच भी बदलती है कि इस सत्र में हम बच्चों को पहले से उपयोगी और बेहतर क्या दे रहे हैं? सत्र का बदलना सिर्फ कैलेंडर का पन्ना पलटना नहीं है बल्कि यही सही समय है तैयारी का। अप्रैल की सुबह स्कूल की घंटी सिर्फ बच्चों को नहीं जागाती बल्कि पूरे समाज को एक नई शुरूआत का एहसास दिलाता है। अप्रैल का नया सत्र बस कॉपी-किताब बदलने का सीजन नहीं है, यह उस बदलाव की आहट है जिसे 3 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में लिखा गया था जो अब स्कूल की चौखट चढ़ रहा है। तो क्या हमने कोई ऐसी योजना बना ली है कि नए शैक्षिक सत्र में हम बच्चों को कितनी तैयारी के साथ उन्नतशील शिक्षा और कौशल देने जा रहे हैं। हमारे और बच्चों के बीच में प्रारम्भ होने वाली यह यात्रा जिसमें सीखना-सिखाना मुख्य उदेश्य है इसको रोचक व सरल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस साल अगर अभिभावक और शिक्षक अपनी भूमिका में बदलाव ले आएं, तो बच्चों का सीखना सरल, सहज व रोचक हो सकता है। ऐसे में शिक्षा से जुड़े हर व्यक्ति का (शिक्षक, अभिभावक) स्वयं से यह सवाल होना ही चाहिए कि नए शैक्षिक सत्र में नया क्या? क्या होना चाहिए और सत्र को रोचक व उपयोगी कैसे बनाएं।

**शिक्षकों के लिए क्या होना चाहिए?**

ठएढ कहती है कि टीचर सेज ऑन द स्टेज से गाइड बाय द साइड बनें। यह लाइन भाषण से निकल कर आपकी डेली डायरी में आनी चाहिए। पढ़ाने का तरीका लेक्चर से लर्निंग एक्सपीरियंस तक होना चाहिए। चॉक एंड टॉक छोड़ें, एक्टिविटी पकड़ें, कक्षा 3 को फोटोसिंथेसिस पढ़ाना है? बोर्ड पर डायग्राम बनाने से पहले बच्चों से पूछें, घर में तुलसी का पौधा धूप में क्यों रखते हैं? जवाब से कॉन्सेप्ट तक ले जाएं। ठएढ का मूल है अनुभव से अवधारणा। बैग-लेस डे को गंभीरता से लें साल में 10 दिन तय हैं। इसे पिकनिक और पढ़ाई से छुट्टी न समझे बल्कि सीखने का अवसर देकर संवाद करें। अगर कक्षा 6 के बच्चों को एक्सपोजर हेतु कुम्हार, ईट भट्टे या किसी छोटी फर्म के पास ले जा रहे हैं तो पहले से वर्कशीट दें। मिट्टी के प्रकार, लागत, आकार का गणित समझने की दृष्टि विकसित करें। लौटकर प्रेजेंटेशन कराएं। हुनर के साथ अकादमिक जुड़ाव ही ठएढ है। हर बच्चे का लर्निंग मैप बनाएं। होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड लढउ की अनिवार्यता और बच्चों के समग्र विकास में इसके महत्व को समझे । सिर्फ नंबर न भरें, लिखें कि बच्चे समूह और कक्षा में कैसे रहते हैं। यह मैप पैरेंट्स को दें जिससे टीचर की कलम अब सिर्फ लाल निशान नहीं, रास्ता दिखाने वाली टॉर्च बने।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# धर्मांतरण-उत्पीड़न के आरोपों से हिला कॉर्पोरेट तंत्र






प्रो. आरके जैन

> "यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है। जीरो टॉलरेंस की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं—क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है"

**कॉर्पोरेट** दफ्तरों की जगमगाहट, कांच की ऊँची इमारतों का मोहक आभास और प्रोफेशनलिज्म के बड़े-बड़े दावे– यदि इनके भीतर भय, शोषण और दबाव का अंधकार पलता हो, तो यह किसी एक कंपनी की चूक नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी असफलता का संकेत है। अप्रैल 2026 में नासिक स्थित एक आईटी इकाई (टीसीएस) से सामने आया प्रकरण इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहाँ महिला कर्मियों के सपनों को सुनियोजित ढंग से रौंद दिया गया। रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की आकांक्षा लेकर आई इन महिलाओं को अपने ही कार्यस्थल पर ऐसे असहनीय दबावों का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सभ्य समाज के मूल्यों के सर्वथा विपरीत हैं। यह मामला केवल यौन शोषण के आरोपों तक सीमित नहीं है; इसके भीतर भय, मानसिक उत्पीड़न, धार्मिक आस्था पर दबाव और अधिकारों के खुले दुरुपयोग की कहीं अधिक गंभीर परतें छिपी हुई हैं। सामने आई शिकायतों के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों ने महिला कर्मियों पर अनुचित प्रस्तावों, अश्लील टिप्पणियों और निजी संबंध बनाने के लिए निरंतर दबाव डाला। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें पदोन्नति रोकने, नौकरी समाप्त करने और उनके निजी जीवन को बदनाम करने की धमकियाँ दी गईं। सत्ता और पद के बल पर किया गया यह आचरण केवल अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से कानूनन दंडनीय अपराध है, जो किसी भी कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है।

यह प्रकरण और भयावह तब बनता है, जब स्पष्ट होता है कि यह छिटपुट घटनाएँ नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय संगठित तंत्र का परिणाम था। पुलिस जांच और शिकायतों के अनुसार, आठ महिला कर्मचारियों की नौ एफआईआर्स में सामने आया कि टीम लीडर्स सहित वरिष्ठों ने 2022 से 2026 तक करीब चार वर्षों तक सुनियोजित ढंग से उन्हें निशाना बनाकर दबाव में रखा। पुलिस ने फरवरी से 40 दिन तक महिला पुलिसकर्मियों के जरिए अंडरकवर ऑपरेशन चलाकर साक्ष्य जुटाए। आरोप हैं कि निजी तस्वीरें-वीडियो से ब्लैकमेल करना, नमाज पढ़ने और गोमांस खाने को मजबूर करना, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव और मानसिक रूप से तोड़ना—ये सब उसी तंत्र के औजार थे। यह स्थिति दिखाती है कि जब शक्ति का दुरुपयोग संस्थागत रूप ले लेता है, तो पीड़ितों के लिए आवाज उठाना कठिन और जोखिम भरा हो जाता है।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पक्ष मानव संसाधन विभाग की भूमिका पर उठते सवाल हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के तहत हर संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। इसके बावजूद आरोप हैं कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, ईमेल और लिखित आवेदन दबाए गए, और पीड़ितों को चुप रहने के लिए मजबूर किया गया—यहाँ तक कि एक एचआर असिस्टेंट जनरल मैनेजर को भी अनदेखी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस विभाग पर कर्मचारियों की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी होती है, यदि वही निष्क्रिय या सहभागी दिखे, तो यह कानून की अवहेलना के साथ विश्वास का गंभीर हनन भी है। चार वर्षों तक लगातार उठती शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह स्पष्ट करता है कि समस्या कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी खामियों में जड़ें जमाए हुए थी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के दिशानिर्देश स्पष्ट करते हैं कि 24 घंटे के भीतर संज्ञान लिया जाए और 90 दिनों में जांच पूरी हो, परंतु यहाँ इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की गई।

यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है।

जीरो टॉलरेंस की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं—क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है। जवाबदेही केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए; उसे उन सभी स्तरों तक तय होना चाहिए जहाँ लापरवाही या मिलीभगत रही हो। कॉर्पोरेट संस्थानों की साख मुनाफे या छवि से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान, पारदर्शिता और विश्वास से बनती है। यह घटना किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आईटी क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा पर गहरे और असहज प्रश्न खड़े करती है। क्या आधुनिक दफ्तर वास्तव में सुरक्षित हैं, या केवल बाहर से सजे-धजे और आकर्षक दिखते हैं? क्या महिलाओं और अन्य कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ेगा? यह प्रकरण स्पष्ट करता है कि जब तक शिकायत तंत्र मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक किसी भी कानून का प्रभाव सीमित और अधूरा ही रहेगा। कर्मचारियों के भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी आवाज न दबेगी, न अनसुनी होगी—बल्कि उसे गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समयबद्ध न्याय अवश्य मिलेगा। अब समय केवल औपचारिक प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक सुधार का है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यापक जांच होनी चाहिए, दोषियों को कठोर दंड मिले और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के अनुपालन की स्वतंत्र ऑडिट पूरे आईटी क्षेत्र में कराई जाए। साथ ही मानव संसाधन तंत्र को स्पष्ट रूप से जवाबदेह बनाना और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। कार्यस्थल केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण होना चाहिए। यदि इस घटना से भी ठोस सबक नहीं लिया गया, तो यह महज एक और मामला बनकर रह जाएगा—और यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी विफलता होगी।

# सनातन आस्था पर शातिराना दुष्प्रचार

**संजय सक्सेना**

**सोशल** मीडिया पर एक गिरोह व्यवस्थित ढंग से हिंदू आस्था को निशाना बना रहा है। देवी-देवताओं और मंदिरों को लेकर विषैला प्रचार फैलाया जा रहा है। एक डेढ़ मिनट का वीडियो वायरल कर यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि सनातनी अपनी आस्था पर अडिग नहीं रहते। वे समय-समय पर फैशन की तरह आराध्य बदलते रहते हैं। यानी वे धार्मिक और मानसिक रूप से कमजोर हैं। यह प्रचार दिल्ली से वृंदावन तक फैला हुआ है। लेकिन सच्चाई कुछ और है। हाल ही में नासिक की एक बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी के बीपीओ केंद्र में चल रहे कॉर्पोरेट धर्मांतरण रैकेट का पदार्फाश हुआ है। सात महिला पुलिसकर्मियों ने अपनी पहचान छिपाकर वहां काम किया। उन्होंने चालीस से ज्यादा निगरानी कैमरों की फुटेज जुटाई। सबूतों के आधार पर टीम लीडरों समेत छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया। यह रैकेट 2022 से चल रहा था। एक महिला कर्मचारी का पहनावा अचानक बदल गया। रमजान में रोजा रखने लगी। परिवार को शक हुआ तो सच्चाई सामने आई। पुलिस ने योजना बनाई। महिला जासूसों ने नौकरी ली। महीनों की मेहनत के बाद गिरोह धराशायी हो गया। यह गिरोह हिंदू कर्मचारियों को तर्क के नाम पर उलझाता था। कहता था, जब हनुमान बंदर थे, तो उनकी मां मनुष्य कैसे हुईं। पार्वती जी को गणेश का पता है, तो शंकर जी को क्यों नहीं। तुम्हारे भगवान तो दिखते हैं, जो दिखता है वह भगवान कैसे। यही कुतर्क सोशल मीडिया पर भी चल रहे हैं, जहां कॉर्पोरेट गिरोह सीधे धर्मांतरण कराता था, वहीं यह गिरोह उकसाता है। दोनों का मकसद एक है हिंदू आस्था को कमजोर बताकर दूसरी ओर खींचना। लेकिन सनातन की ताकत ठीक इसी लचीलेपन में है। बर्ट्रैंड रसेल ने कहा था कि दुनिया की सबसे बड़ी समस्या यह है कि मूर्ख और कट्टरपंथी खुद को पूरी तरह सही मानते हैं। यह बात इन पाकिस्तान प्रेमी प्रभावकों पर बिल्कुल फिट बैठती है। वे समझ नहीं पाते कि सनातन बांधता नहीं, मुक्त करता है। इसमें तैंतीस कोटि देवताओं की मान्यता है। प्रकृति को पूजा जाता है जल, वायु, आकाश, सूर्य और चंद्रमा जीवन के आधार को। कोई एक देवता, एक ग्रंथ या एक विचार में बंधने की मजबूरी नहीं। महाकाल हो, खाटू श्याम, मां दुर्गा या भगवान कृष्ण जो भी मन को छू जाए। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि धर्म का उद्देश्य मनुष्य को ऊंचा उठाना है, विभाजित करना नहीं। सनातन इसी उदारता का नाम है। जो धर्म बांधता है, वह कट्टरता की ओर ले जाता है। लेकिन सनातन आस्तिक को स्वतंत्र रखता है। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने लिखा था कि सच्चा धर्म मनुष्य को स्वतंत्र और उदार बनाता है। इन गिरोहों का दायरा कुएं के मेढक जैसा है। वे अपने संकीर्ण विचारों को ही सत्य मानते हैं। इसलिए हिंदू आस्था पर हमला करते हैं। नासिक मामले का टाइमिंग देखिए। जब धर्मांतरण रैकेट उजागर हुआ, उसी समय सोशल मीडिया पर प्रचार तेज हो गया। हिंदू आस्था कमजोर है, इसलिए धर्मांतरण होता है यह संदेश दिया जा रहा है। लेकिन सच्चाई उलट है। 2025 में उत्तर प्रदेश के तीर्थों पर श्रद्धालुओं की संख्या ने रिकॉर्ड तोड़ दिए।

## विचार

# अखिलेश यादव का महिला आरक्षण विरोध

**अजय कुमार**

भारतीय राजनीति का मैदान हमेशा रणनीतियों और चालबाजियों से भरा रहता है, जहां हर बिल या नीति चुनावी दांव बन जाती है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल को भाजपा की चुनावी घबराहट करार देते हुए जोरदार हमला बोला है, जो उत्तर प्रदेश की सियासत को नई ऊंचाई दे रहा है। इस बयान के पीछे सपा का विरोध केवल सतही नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक रणनीति छिपी है, जहां जातिगत जनगणना का मुद्दा केंद्र में है और अखिलेश को डर सताने लगा है कि कहीं उनका पीडीए फॉर्मूला कमजोर न पड़ जाए। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर तीखे लहजे में कहा कि भाजपा असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह बिल ला रही है, क्योंकि जनता का आधार खत्म हो चुका है और उनकी विदाई का समय आ गया है। उन्होंने स्पष्ट आरोप लगाया कि बिना जातिगत जनगणना के यह आरक्षण पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के अधिकारों को खत्म करने की साजिश है, जहां ए का मतलब आधी आबादी यानी महिलाओं से भी है। सपा प्रमुख का तर्क है कि जनगणना टाली जा रही है ताकि पिछड़ों और दलितों का वास्तविक हक न मिले, क्योंकि नई गिनती से जातिगत आंकड़े सामने आएंगे, जो भाजपा को असहज करेंगे। यह विरोध इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों से पहले पीडीए सपा की मुख्य चुनावी रणनीति बनी हुई है, जो 2024 लोकसभा चुनावों में कामयाब रही थी। मायावती की बसपा ने भी बिल का समर्थन तो किया, लेकिन शर्त रखी कि एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को अलग कोटा मिले। अखिलेश ने इसी को आधार बनाकर कहा कि भाजपा कभी पिछड़ों-दलितों को उनका हक नहीं देना चाहती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सपा का विरोध बिल के कार्यान्वयन पर केंद्रित है। वे 2011 की पुरानी जनगणना के बजाय नई जनगणना और परिसीमन की मांग कर रहे हैं, क्योंकि बिना जाति आधारित आंकड़ों के आरक्षण सामाजिक न्याय से भटक सकता है। अखिलेश ने अमेठी में पत्रकारों से कहा कि सरकार की मंशा में ही आरक्षण देना नहीं है, और महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने नोएडा और मेरठ की कामगार महिलाओं के दर्द का जिक्र कर सरकार को चुनौती दी कि बिल वहीं घोषित हो। सपा का विरोध इसलिए गहरा है क्योंकि पीडीए फॉमूर्ला उनकी राजनीतिक पूंजी है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एकजुट कर सपा ने यूपी में वापसी की, और जातिगत जनगणना इसकी कुंजी है। अखिलेश ने जनगणना अधिसूचना पर तंज कसा कि जाति कॉलम न होने से भाजपा पीडीए के खिलाफ साजिश रच रही है। विश्लेषण में साफ है कि महिला बिल से डर यह है कि यह सामान्य महिलाओं को फायदा देगा, लेकिन बिना जाति ब्रेकअप के ओबीसी-एसटी-एससी महिलाओं का हिस्सा प्रभावित होगा, जो सपा के वोट बैंक को कमजोर कर सकता है। भाजपा इसे नारी शक्ति वंदन अभियान से जोड़कर महिला वोटरों को लुभा रही है, खासकर 2027 यूपी चुनावों से पहले। लेकिन अखिलेश का काउंटर है कि महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की खराब स्थिति में जुमले काम नहीं आएंगे। सवाल यह है कि अखिलेश को जातिगत जनगणना का दांव फीका पड़ने का डर है? बिल्कुल। सपा लंबे समय से जाति जनगणना की मांग पर अड़ी है, जो ओबीसी को मजबूत प्रतिनिधित्व देगी। अगर बिल बिना जनगणना के लागू होता है, तो पीडीए का नैरेटिव कमजोर पड़ेगा, क्योंकि भाजपा दावा करेगी कि महिलाओं को आरक्षण देकर सामाजिक न्याय हो गया। विपक्षी दलों की एकजुटता पीडीए प्रहरी के रूप में मजबूत हो रही है, जो भाजपा की हर चाल पर नजर रखेगी। अखिलेश का बयान चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए भाजपा को घेरता है, और यह यूपी की सियासत को ध्रुवीकरण की ओर ले जा रहा है। भाजपा की रणनीति साफ है, बिल को 2029 लोकसभा से पहले लागू कर महिलाओं को जोड़ना, लोकसभा सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव है, जिसमें 273 महिलाओं के लिए। लेकिन सपा इसे घबराहट बता रही है, क्योंकि वोटरों का अकाल है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि सपा का विरोध बिल का नहीं, बल्कि उसके बिना जाति डेटा के है, जो उनके जाति-आधारित राजनीति को चुनौती देता है। मायावती की मांग भी इसी दिशा में है, जो विपक्ष को एकजुट कर सकती है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# विश्व धरोहर दिवसः अतीत की विरासत, भविष्य की जिम्मेदारी

**मानव** सभ्यता केवल वर्तमान की उपलब्धियों से नहीं बनती, बल्कि वह अपने अतीत की स्मृतियों, परंपराओं और धरोहरों से आकार लेती है। 18 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व धरोहर दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमारी विरासत केवल पत्थरों से बने स्मारक नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी ऐतिहासिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फैली ऐतिहासिक इमारतें, प्राचीन मंदिर, किले, स्मारक, पुरातात्विक स्थल और सांस्कृतिक परंपराएँ—ये सभी मिलकर मानव इतिहास की एक समृद्ध कहानी कहते हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ हर कदम पर इतिहास सांस लेता है, यह विरासत और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ताजमहल, कुतुब मीनार, अजंता-एलोरा की गुफाएँ, साँची स्तूप—ये केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा के प्रतीक हैं। लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि आज हमारी अनेक धरोहरें उपेक्षा, अतिक्रमण और प्रदूषण के कारण खतरे में हैं। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, अनियोजित विकास और जागरूकता की कमी ने इन अमूल्य धरोहरों को क्षति पहुँचाई है। कई बार हम इन स्थलों को केवल घूमने की जगह मानकर उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को अनदेखा कर देते हैं। धरोहरों का संरक्षण केवल सरकार या पुरातत्व विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जब तक आमजन में इनकी महत्ता के प्रति जागरूकता नहीं होगी, तब तक संरक्षण के प्रयास अधूरे रहेंगे। हमें अपने बच्चों को इतिहास और संस्कृति के प्रति संवेदनशील बनाना होगा, ताकि वे इन धरोहरों को केवल अतीत का अवशेष नहीं, बल्कि भविष्य की धरोहर के रूप में देखें। इसके साथ ही, आधुनिक विकास और धरोहर संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना भी आवश्यक है। विकास की दौड़ में यदि हम अपनी जड़ों को ही नष्ट कर देंगे, तो हमारी पहचान खो जाएगी। इसलिए यह जरूरी है कि योजनाएँ इस प्रकार बनाई जाएँ, जिनमें विकास और संरक्षण दोनों साथ-साथ चल सकें। युनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थलों की सूची तैयार करना और उनके संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश देना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**निर्मल रानी**

सत्ता की गुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों,जलालत,विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति,सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें बदकलामी करने के लिये जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त आका भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज,धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है ? अफसोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है।

सरकारी टी वी चैनल डीडी न्यूज के शो दो टूक के एंकर अशोक श्रीवास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गयी एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हजारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हजारवें भाग के बराबर नहीं हैं।

एंकर अशोक श्रीवास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

## न्यूज फ्लैश

### धीरसन्स ज्वेलर्स ने 'सोने का रिश्ता' के साथ अक्षय तृतीया मनाई, सोने को पीढ़ियों तक चलने वाली विरासत के रूप में सम्मानित किया

**नई दिल्ली:** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने अपना दिल को छू लेने वाला अभियान 'सोने का रिश्ता' पेश किया है, जो सोने के सदाबहार भावनात्मक और पीढ़ियों तक चलने वाले महत्व का जश्न मनाता है। 'अक्षय' के सिद्धांत पर आधारित - जिसका अर्थ है जो कभी कम न हो - यह अभियान इस विचार को जीवंत करता है कि सोना केवल एक आभूषण नहीं है, बल्कि रिश्तों, यादों और विरासत का प्रतीक है। एक सशक्त भावनात्मक कहानी के साथ, यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि आभूषण का हर टुकड़ा अपने भौतिक मूल्य से कहीं अधिक गहरा अर्थ रखता है - चाहे वह माँ का आशीर्वाद हो, बेटी की नई शुरूआत हो, या कोई अनमोल पल जो जीवन भर की याद बन जाए। यह अभियान ग्राहकों को केवल लेन-देन वाली खरीदारी से आगे बढ़कर, सोने को ऐसी चीज के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है जो पीढ़ियों तक बनी रहती है। इस अभियान के बारे में बात करते हुए, राघव धीर, मैनेजिंग डायरेक्टर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने कहा, "भारत में सोना खरीदने के लिए अक्षय तृतीया हमेशा से एक महत्वपूर्ण अवसर रहा है, लेकिन आज का ग्राहक अब इसमें अर्थ और दीर्घकालिक मूल्य भी तलाश रहा है। 'सोने का रिश्ता' के माध्यम से, हम ऐसे आभूषण पेश करने की धीरसन्स की प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहे हैं, जो न केवल डिजाइन में सदाबहार हों, बल्कि भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण हों - ऐसी चीज जो वास्तव में पीढ़ियों तक आपके साथ बनी रहे।" इस बात को आगे बढ़ाते हुए, रीवा धीर, क्रिएटिव डायरेक्टर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने कहा, "'सोने का रिश्ता' के साथ, हम सोने के गहरे भावनात्मक महत्व को सामने लाना चाहते थे, विशेष रूप से अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर पर। हमारे लिए, आभूषण केवल डिजाइन या कारीगरी के बारे में नहीं हैं, बल्कि उन कहानियों और रिश्तों के बारे में हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे द्वारा बनाया गया हर आभूषण आज संजोकर रखने और कल अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए बनाया गया है, जो एक ऐसी विरासत को आगे बढ़ाता है जो कभी कम नहीं होती।" इस अभियान को हाथ से बने सोने के आभूषणों के एक विशेष संग्रह का समर्थन प्राप्त है, जिन्हें परंपरा और समकालीन सुंदरता - दोनों को दशार्ने के लिए डिजाइन किया गया है। 5% से शुरू होने वाले मेकिंग चार्ज (बनाने के शुल्क) सहित आकर्षक ऑफर के साथ, धीरसन्स का उद्देश्य अपने ग्राहकों के लिए इस शुभ खरीदारी को और भी अधिक सार्थक बनाना है। इस अक्षय तृतीया पर, धीरसन्स ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को न केवल सोना घर लाने के लिए आमंत्रित करता है, बल्कि कुछ ऐसा घर लाने के लिए आमंत्रित करता है जो हमेशा साथ रहे।

### प्राइम वीडियो ने एक दमदार म्यूज़िकल एक्शन ड्रामा, लुक्खे का वर्ल्डवाइड प्रीमियर 8 मई तय किया, जहाँ रैप और बदला–दोनों ही जोरदार हैं!

**हिमांक** गौर द्वारा निर्देशित और विपुल डी. शाह तथा राजेश बहल द्वारा ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट और व्हाइट गुरिल्ला छछढ के बैनर तले निर्मित, ' लुक्खे पंजाब के हृदय में स्थित एक रोमांच से भरपूर एक्शन ड्रामा हैइस सीरीज को अग्रिम जोशी और देबोजीत दास पुरकायस्थ द्वारा बनाया और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस किया गया है, इसमें मुख्य भूमिकाओं में राशि खन्ना और गायक-गीतकार किंग (अपने अभिनय डेब्यू में) नजर आएंगे, इनके साथ पलक तिवारी (अपने स्ट्रीमिंग डेब्यू में) और लक्षवीर सिंह सरन प्रमुख भूमिकाओं में हैं, इसके अलावा कलाकारों की टोली में नकुल रोशन सहदेव, कृतिका भारद्वाज, शिवांकित परिहार, योगराज सिंह और आयशा रजा शामिल हैं लुक्खे का प्रीमियर 8 मई को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से हिंदी में किया जाएगा, यह सीरीज भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में स्ट्रीम होगी हिसार –14 अप्रैल 2026– भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी प्राइम ओरिजिनल सीरीज लुक्खे के दुनिया भर में प्रीमियर की तारीख 8 मई घोषित की। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित और विपुल डी. शाह व राजेश बहल द्वारा ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट और व्हाइट गुरिल्ला के बैनर तले निर्मित, लुक्खे, पंजाब की पृष्ठभूमि में बनी एक रोमांचक, काल्पनिक म्यूज़िकल एक्शन ड्रामा सीरीज है।

# सरकारी दावों की पोलः नरवाना मंडी में 2 दिन से लिफ्टिंग बंद, किसान बेहाल

## नरवाना अनाज मंडी में लिफ्टिंग ठप, 2 दिन से खड़ी गेहूं से लदी गाड़ियां – किसान परेशान

**हवा-हवाई**

जी पी एस, पोर्टल और सर्वर की गड़बड़ी बनी वजह, मैन्युअल गेट पास के आदेश भी बेअसर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना,** 15 अप्रैल राहुल
नरवाना की अनाज मंडी में पिछले दो दिनों से गेहूं से भरी गाड़ियों की लिफ्टिंग नहीं हो पाने के कारण किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में हालात यह हैं कि 10 से 15 गाड़ियां खड़ी हैं, लेकिन उठान की प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी है। इस मामले में जब संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो कई अधिकारियों ने फोन उठाना तक उचित नहीं समझा। वहीं फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर टहल सिंह ने बताया कि समस्या के पीछे कई तकनीकी कारण हैं। कुछ गाड़ियों में जी पी एस काम नहीं कर रहा है, जबकि कई गाड़ियों के नंबर पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पा रहे। इसके अलावा पिछले दो दिनों से सर्वर डाउन रहने के कारण भी लिफ्टिंग प्रक्रिया प्रभावित हुई है। प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति संतोषजनक नहीं दिखी। एसडीएम और डीसी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। हालांकि बाद में एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि मैन्युअल गेट पास जारी करने के आदेश दे दिए गए हैं। जी पी एस की समस्या पर उन्होंने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था, जिसकी जांच करवाई जाएगी और जल्द समाधान किया जाएगा। दूसरी ओर, ट्रांसपोर्टर का कहना है कि बुधवार शाम समाचार लिखे जाने तक एक भी मैन्युअल गेट पास जारी नहीं किया गया। उन्होंने साफ किया कि जी पी एस सिस्टम में खराबी पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के कारण आती है, इसमें ट्रांसपोर्टरों की कोई गलती नहीं है। यदि मंडी के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और भी चिंताजनक नजर आती है। रिपोर्ट के अनुसार अब तक 3,69,203 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, लेकिन केवल 10,520 क्विंटल उठान हुआ है, जो मात्र 3 प्रतिशत है। वहीं 3,58,683 क्विंटल गेहूं मंडियों में पड़ा हुआ है, जबकि 14,79,930 क्विंटल गेहूं अब भी अनसोल्ड है।

## नरवाना में जलभराव से राहत की तैयारीः 13 किमी पाइपलाइन प्रोजेक्ट को एसडीएम ने दिए शुरू करने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 15 अप्रैल राहुल**
एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की एक अहम बैठक बुलाई और इस्माईलपुर तथा फरैन कलां वगैरा गांवों के खेतों में बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति से निपटने बारे व्यापक विचार विमर्श किया। एसडीएम ने अपने कार्यालय में बुलाई बैठक में बताया कि उक्त गांवों के खेतों में आये बरसाती सीजन में भारी जल भराव की स्थिति बनती है, जिससे सैकड़ो एकड़ खेतों की फसल खराब हो जाती है और साथ ही अगली फसल की बिजाई से भी किसान वंचित रह जाते हैं। पिछले कई वर्षों से चल रही इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसके निदान के लिए अब सिंचाई विभाग द्वारा प्रोजेक्ट तैयार किया जा चुका है। प्रोजेक्ट के तहत इस्माईलपुर के खेतों से सरसा ब्रांच बडनपुर माइनर तक नई पाईपलाइन बिछाने का प्रावधान है। करीब 13 किलोमीटर लंबी इस पाईप लाइन बिछाने पर करीब 6 करोड़ 25 लाख रुपए खर्च होंगे और यह कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जाएगा।

एसडीएम जगदीश चंद्र ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की पाईपलाइन बिछाने का कार्य तुरंत शुरू करवाया जाए। इस कार्य में यदि कोई विभागीय तकनीकी औपचारिकताएं अधूरी है तो उन्हें भी जल्द पूरा किया जाए ताकि पाईपलाइन बिछाने के कार्य में बाधा ना आए। एसडीएम ने बताया कि इस पाईपलाइन के बिछाए जाने के बाद संबंधित रकबा में स्थाई तौर पर जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। बरसाती सीजन के दौरान वर्तमान में जो सैकड़ो एकड़ काश्तकार भूमि प्रभावित होती है, उसमें भी किसान अपनी फसल की बिजाई सुचारू रूप से कर सकेंगे।

### 7 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** सीआईए असंध टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल सिंह पुत्र रोहतास निवासी गांव जयसिंहपूरा, असंध, जिला करनाल को खिजराबाद असंध रोड से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन (नशीला पदार्थ) बरामद हुई।
जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसका 2 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

## 18 को लाडवा की शिवाला रामकुण्डी पर होगा विशाल जागरण

**जागरण**

जागरण तथा भंडारे का आयोजन लाडले श्री मेहंदीपुर वाले दे सेवा मंडल द्वारा किया जा रहा है

**लाडवा 15 अप्रैल (विजय कौशिक):** लाडले श्री बाला जी सेवा मण्डल के संरक्षक जोग ध्यान ने बताया कि आगामी 18 अप्रैल दिन शनिवार को लाडवा रामकुंडी में बालाजी का जागरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन लाडले श्री मेहंदीपुर वाले दे सेवा मंडल द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में गत सांय मंगलवार को प्राचीन हनुमान मंदिर के कार्यालय में आयोजन समिति की एक बैठक की गई। आयोजन समिति के सदस्य राहुल तथा सुमित रोहिल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि बालाजी के जागरण में बालाजी की ज्योत पंचमुखी हनुमान मंदिर से लाई जाएगी तथा पूजन प्राचीन हनुमान मंदिर के मुख्य पंडित जगदंबा प्रसाद द्वारा रात्रि 7:00 बजे किया जाएगा । बालाजी के भजनों का गुणगान भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक द्वारा रात्रि 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक किया जाएगा। बालाजी के जागरण से पूर्व एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी लाडवा तथा क्षेत्र वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 18 अप्रैल दिन शनिवार को बालाजी के जागरण में रामकुंडी में पहुंचकर बालाजी के कीर्तन का आनंद ले तथा धर्म लाभ उठाएं। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य राजन कक्कड़, अजय डबास, सुरेंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, रामू सैनी,चौधरी जोगध्यान, विजय तनेजा, मुकेश शर्मा, सतीश धवन, पंकज शर्मा, मोहित सेन इत्यादि उपस्थित रहे।



: जानकारी देते बालाजी सेवा मंडल के संरक्षक जोगध्यान।

### नशा तस्करों पर CIA स्टाफ नरवाना का शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 15 अप्रैल राहुल**
नरवाना क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सी आई ए स्टाफ नरवाना को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 500 नशीली गोलियों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्अ स्टाफ नरवाना के इंचार्ज सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम उप निरीक्षक रणधीर सिंह के नेतृत्व में गांव दाता सिंह वाला के पास गश्त व अपराध नियंत्रण के लिए मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव हंसडेहर निवासी नानक चंद उर्फ डोगी अवैध रूप से नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है और इस समय डिंडोली रोड पर ड्रेन के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा है।
सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर तेजी से निकलने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी पहचान नानक चंद उर्फ डोगी निवासी हंसडेहर जींद के रूप में बताई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 500 नशीली गोलियां ट्रामाडोल बरामद हुईं।

## लाइब्रेरी संसाधनों के माध्यम से वाणिज्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाने पर कार्यशाला आयोजित

**लाडवा 15 अप्रैल (विजय कौशिक) :** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में आज एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था लाइब्रेरी संसाधनों के माध्यम से वाणिज्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाना। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज लाइब्रेरी द्वारा वाणिज्य विभाग के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रूपेश गौड़, लाइब्रेरियन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लाइब्रेरी में उपलब्ध ई-रिसोर्सेज जैसे ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ऑनलाइन डेटाबेस तथा रिसर्च टूल्स के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन डिजिटल संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थी नवीनतम व्यापारिक जानकारी, वित्तीय रिपोर्ट्स, मार्केट ट्रेंड्स तथा शोध सामग्री तक आसानी से पहुँच सकते हैं, जो वाणिज्य शिक्षा को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाती है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ज्ञान का एक समग्र केंद्र बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे ई-रिसोर्सेज का अधिकतम उपयोग कर अपने ज्ञान और कौशल का विकास करें तथा इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं शोध कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता रानी, डॉ. नीरू बाला, डॉ. नीति गोयल और डॉ. वंदना गुप्ता उपस्थित रहीं।



## स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल में बैसाखी एवं अम्बेडकर जयंती का आयोजन

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल चीका में बैसाखी एवं अम्बेडकर जयंती बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत शब्द गायन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता एवं श्रद्धा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व तथा हमारे देश के संविधान निमार्ता डा. बी. आर. अम्बेडकर के जीवन पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत करवाने हेतु कविता पाठ एवं पगड़ी बांधने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में विद्यालय आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने पूरे उत्साह एवं आनंद के साथ विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और बैसाखी के वास्तविक भाव को आत्मसात किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या जसबीर कौर ने विद्यार्थियों को बैसाखी एवं अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि बैसाखी फसल कटाई के मौसम की शुरूआत का प्रतीक है



### मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**लाडवा 15 अप्रैल (विजय कौशिक) :** जिला पुलिस ने से मोबाइल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने मोबाईल फोन चोरी करने के आरोपी गुलजार उर्फ टल्लु वासी बीड सौंटी जिला कुरुक्षेत्र को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 6 अप्रैल 26 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में मनोहर लाल वासी छोटा बाजार थानेसर ने बताया कि बाजार में दुकान है।

## दा कोणार्क अकादमी में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 15 अप्रैल (विजय कौशिक):** लाडवा स्थित कोणार्क अकादमी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने उनके जीवन और विचारों पर आधारित भाषण, कविता एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के समानता, शिक्षा और संविधान के प्रति योगदान को उजागर किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने भांगड़ा, गिद्धा, नृत्य, नाटक और कला प्रस्तुतियों के माध्यम से पंजाब की समृद्ध संस्कृति को जीवंत कर दिया। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उनकी भूरी-भूरी और मनमोहक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।
अकादमी के निदेशक एस एस शर्मा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि हमें महान व्यक्तित्वों के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना चाहिए। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति एवं उत्साह के माहौल में हुआ, जिसने सभी के मन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।



## लोहारा में डॉ अंबेडकर जयंती पर होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 15 अप्रैल (विजय कौशिक):** लाडवा हल्के के गाँव लोहारा में डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की और बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मांगे राम सरोहा, डीजीएम (हैफेड) और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन करके किया। इस अवसर पर समिति की ओर से गाँव के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें शिक्षण सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मांगे राम सरोहा ने बाबा साहब के जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन में अपमान और अभावों की परवाह न करते हुए देश के दबे-कुचले और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज यदि समाज का हर वर्ग शिक्षा, व्यापार और सम्मान की मुख्यधारा से जुड़ा है तो यह बाबा साहब की ही देन है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि आज के समय में हमारे पास वह सब सुविधाएं हैं जो बाबा साहब के पास नहीं थीं, इसलिए हमें इस अवसर का लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि जगपाल ग्रोवर (जेई, बिजली विभाग), सुरेंद्र ढांडा (ए.डी.ओ.), सुनील पठानिया (लेक्चरार), सतपाल सिंह पुनिया और लोहारा के सरपंच महिंद्र ने भी अपने विचार साझा किए।
वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत तभी बनेगा जब हर बच्चा शिक्षित होगा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेगा। इस गरिमामयी समारोह के सफल आयोजन में डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के प्रधान अजय कुमार, सचिव जयभगवान और कोषाध्यक्ष सतबीर सिंह की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, अवतार सिंह, संजीव कुमार, अमन कुमार, रामकिशन, अशोक कुमार, सुखबीर सिंह, राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार और बलबीर सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे



## डीएवी कालेज चीका में करियर लॉन्च रिज्यूमे निर्माण सत्र आयोजित

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डीएवी कालेज चीका के करियर एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से बी.ए., बी.काम., बी.एससी. एवं एम.काम. के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करियर लान्च रिज्यूमे निर्माण सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रभावशाली रिज्यूमे तैयार करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर नेहा बंसल (कनविनर, प्लेसमेंट सेल, अंग्रेजी विभाग) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रिज्यूमे के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बताया कि एक अच्छा रिज्यूमे नौकरी प्राप्त करने की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम होता है। वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर एकता ने भी अपने बहुमूल्य विचार सांझा किए और विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। वीमेन सेल की संयोजिका डा. सीमा देवी ने छात्रों से सक्रिय रूप से संवाद स्थापित करते हुए सत्र के अंत में उनका फीडबैक प्राप्त किया, जिससे कार्यक्रम ओर भी सहभागितापूर्ण एवं प्रभावी बन गया। इस अवसर पर डा. राजिंदर सिंह, डा. जसविंदर सिंह, प्रोफेसर सुनीता शर्मा, प्रोफेसर वैशाली एवं प्रोफेसर पूर्णिमा उपस्थित रहे।



### न्यूज फ्लैश

## बिजावा गांव का किसान जितेंद्र सरसो बेचने के लिए चार दिन से काट रहा है अनाज मंडी के चक्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 15 अप्रैल।** जिला के गांव बिजावा के किसान ने अपनी 9 एकड़ की सरसों की फसल के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया था। पोर्टल पर चेक किया तो सरसो ही दिखा रहा है लेकिन जब किसान ने इसराना अनाज मंडी में सरसो बेचने के लिए मंडी में गेट पास के लिए पता किया तो वहां गेहूं की फसल दिख रही है। किसान जितेन्द्र के लिए सरसो की फसल बेचना अब मुश्किल हो गया है। किसान ने बताया कि वह सरसो की फसल बेचने के लिएचार दिनों से अनाज मंडी के चक्कर काट रहा है। वहीं परेशान किसान जितेंद्र बुधवार को एसडीएम नवदीप सिंह नैन से मिला और समाधान करवाने की गुहार लगाई। एसडीएम नवदीप नैन ने किसान जितेंद्र को भरोसा दिलाया कि उसकी समस्या का समाधान किया जाएगे और उसकी सरसो की फसल बिकवाई जाएगी।

## फसल तुड़वाई उपरांत पैकिंग और परिवहन के लिए बागवानी किसानों को मिलेगी 70 प्रतिशत तक सहायता राशि

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा किसानों को फसल तुड़वाई - कटाई उपरांत उत्पादों के बेहतर प्रबंधन के लिए विभिन्न उपकरणों एवं संसाधनों पर लागत का 70 प्रतिशत तक सहायता राशि प्रदान की जाती है। विभाग की इस योजना के तहत किसानों, उत्पादक समूहों और एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेनाईजेशन) को पैकिंग, भंडारण और परिवहन से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं पर आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर हो सके।
योजना के अंतर्गत कटाई से संबंधित उपकरण जैसे क्लिपर, कटाई बैग और तिरपाल शीट पर निर्धारित लागत मूल्य की 50 प्रतिशत तक सहायता राशि दी रही है। इन उपकरणों की इकाई लागत लगभग 700 रुपये प्रति टूल किट निर्धारित की गई है, जिसमें प्रति क्लस्टर 50 टूल किट तक सहायता प्रदान की जाएगी। इससे छोटे और सीमांत किसानों को कटाई के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।
इसी प्रकार प्लास्टिक क्रेट्स (20 किलोग्राम क्षमता) पर भी 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। प्रति क्रेट की निर्धारित लागत 310 रुपये है और यह सुविधा 150 सदस्यों तक प्रति सदस्य 50 क्रेट्स की सीमा निर्धारित की गई है, जिससे उत्पादों के सुरक्षित भंडारण और परिवहन में सुविधा होगी।
किन्नू के लिए पैकिंग सामग्री (10 किलो बॉक्स) पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिसकी इकाई लागत 34 रुपये प्रति बॉक्स है। इस योजना के तहत प्रति किसान 1250 बॉक्स तक की सहायता दी जाएगी। इसी प्रकार स्ट्रॉबेरी और मशरूम के लिए 2 किलो के बॉक्स (8 पुनेट सहित) पर भी 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है, जिसकी लागत 65 रुपये प्रति बॉक्स निर्धारित की गई है।

# बारिश के पानी को बचाकर सिंचाई में प्रयोग करना है: सांसद धर्मबीर सिंह

### दक्षिणी हरियाणा की नहरों की क्षमता बढ़ा कर सिवानी, बहल, लोहारू, बाढड़ा, नांगल चौधरी के रेतीले टिब्बों तक पानी पहुंचाना है

**चर्चा**

**जमीन के पानी का सत्र भी शुद्ध रहेगा और जमीनी पानी मीठा भी हो जाएगा: धर्मबीर सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम,15 अप्रैल।**
लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह बुधवार को तोशाम रेस्ट हाउस में तोशाम विधान सभा क्षेत्र और लोहारु विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए और ग्रामीणों से बारिश के पानी को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने ग्राम पंचायतों से चार से सात एकड़ से भी बड़े तालाब बनवाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को कहा, ताकि मानसून आने से पहले वहां पर तालाबों का निर्माण करवाया जा सके। जहां मानसून के दौरान संरक्षण किए गए इस पानी का सिंचाई में प्रयोग होगा वहीं इन तालाबों के आसपास क्षेत्र में जमीन का पानी भी मीठा हो जाएगा। इस दौरान एसडीएम संदीप कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, सिंचाई, आईडब्लू पीएच, विकास एवं पंचायत विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को बचाकर सिंचाई में प्रयोग करें। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार योजना बध तरीके से दक्षिणी हरियाणा की जेएनएल, मिताथल व निगाना फीडर तथा सुन्दर डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों की क्षमता बढ़ा रही है। वहीं दक्षिणी हरियाणा की नहरों की क्षमता बढ़ा कर सरकार का उद्देश्य सिवानी, बहल, लोहारू, बाढड़ा, नांगल चौधरी के रेतीले टिब्बों तक पानी पहुंचाना है। चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जीरामजी योजना का बेहतर क्रियान्वन करके ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता दे कर आम आदमी को भागीदार बना कर सरकार के विकसित भारत 2047 संकल्प को साकार करना है। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि एक तरफ जहां पानी के प्राकृतिक स्रोत कम हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन से कभी बिल्कुल सूखे रहने वाले इलाकों में भी बाढ़ की स्थिति बनती है तो बारिश वाले क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बन रही है। ग्लोबल वार्मिंग से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। पानी को बनाया नहीं जा सकता, यह प्राकृतिक है लेकिन हम बारिश के पानी का संरक्षण कारण जल संकट से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि भिवानी जिले में बवानी खेड़ा और तोशाम के कुछ क्षेत्र में जल भराव की स्थिति बन जाती है, इससे आमजन को परेशानी होती है वहीं किसानों को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए ही ऐसे क्षेत्रों में बड़े तालाब बनाने की योजना बनाई है, जहां पर पानी की सख्त जरूरत है। तालाब में एकत्रित किए गए इस पानी को सिंचाई में प्रयोग किया जाएगा। इसके साथ-साथ करीब एक किलोमीटर के दायरे में जमीन के पानी का सत्र भी शुद्ध रहेगा और जमीनी पानी मीठा भी हो जाएगा। इससे आने वाले समय में यहां पानी की किल्लत दूर होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन परियोजनाओं पर खर्च के लिए नाबार्ड और विश्व बैंक से करीब 5000 करोड रुपए का समझौता हुआ है। वहीं मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व प्रदेश सरकार द्वारा ड्रैनेज सिस्टम के सुधारी करण और पक्का करने के लिए भिवानी घघर और हिसार घघर के लिए 1800 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया।

## सरकार को महंगी पड़ेगी अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल: पिरथी राम




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर जारी राज्यव्यापी हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी रही। आज की हड़ताल की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान पृथ्वी राम ने की और मंच का संचालन अशोक कुमार द्वारा किया गया।
हड़ताली कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए पृथ्वी राम ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ व फायर यूनियन की 11 अप्रैल को कर्मचारी भवन रोहतक में संयुक्त कन्वेंशन हुई थी, जिसमें सरकार की वायदा खिलाफी पर हरियाणा प्रदेश में आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया था, जिसके चलते ही आज आठवें दिन भी हड़ताल जारी रही। उन्होंने बताया कि कल 16 अप्रैल से पूरे प्रदेश के नगर पालिका, परिषद व निगम के कर्मचारी 3 घंटे वर्क सस्पेंड रखेंगे, उसके बाद 20/21 अप्रैल को 2 दिन काले बिल्ले लगाकर फील्ड में कार्य करेंगे तथा 24 /25 तारीख को सभी पालिका,परिषद, निगम में कर्मचारी अपने शहरों में उल्टा झाड़ू कर प्रदर्शन करेंगे।
27/28 अप्रैल को दो दिवसीय 8/8 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर इस पर भी सरकार द्वारा समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान न किया, तो 1 व 2 मई को पालिका, परिषद व निगम के कर्मचारी प्रदेश स्तरीय हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर उपप्रधान चिंतो देवी, पिंकी, पालो, गुरमीत, प्रेम, अमर सिंह, धनाराम, मलकीत, गुरदीप राम तथा जगबीर मान मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला के गांव थेह बुटाना में एक कार ड्राइवर ने मोटरसाइकिल सवार, करीब 50 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। वह व्यक्ति अपने काम से घर वापस लौट रहा था। गुहला के गांव कसौर के सतपाल ने गुहला थाना में दी शिकायत में बताया कि वह मकान चिनाई का काम करता है। उसका चाचा राज कुमार भी यही काम करता था। कल वह बाइक पर सवार होकर अपने काम पर गांव अगोंध में गया हुआ था। जब रात के समय वह काम से फारिग होकर वापस आ रहा था और गांव थेह बुटाना के पास पहुंचा, तो गांव खरकां की ओर से आ रहे एक गाड़ी ड्राइवर ने उसके चाचा राज कुमार की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। पूछने पर कार ड्राइवर ने अपना नाम सोहन सिंह बताया, जो गांव भागल का रहने वाला है। वे उसके चाचा को अस्पताल लेकर गए, जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
**केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिसः**
गुहला थाना के जांच अधिकारी मोहिंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है।

## बायोमैट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर प्रणाली से किसान परेशान



**डबवाली(रणबीर खटक)**
अनाज मंडी में फसल खरीद के दौरान सरकार द्वारा लागू की गई बायोमैट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर अपलोड प्रणाली के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
बायोमैट्रिक हाजिरी पूरी न होने और सर्वर की धीमी प्रक्रिया के चलते मंडी में अपनी फसल बेचने पहुंचे किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं, जिससे किसानों का समय और श्रम दोनों प्रभावित हो रहे हैं।
इसी समस्या को लेकर बुधवार को जेजेपी के राष्ट्रीय सचिव सर्वजीत सिंह मसीतां के नेतृत्व में जेजेपी कार्यकताओं ने अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए एसडीएम के नाम तहसीलदार को एक मांग-पत्र सौंपा और सरकार से पुरानी खरीद प्रणाली दोबारा लागू करने की मांग की, ताकि किसानों को राहत मिल सके। कार्यकताओं द्वारा मांग पत्र नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र को सौंपा गया। इस मौके पर सर्वजीत सिंह मसीतां ने कहा कि आज किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मौसम की मार से किसान पहले ही प्रभावित है और दूसरी तरफ सरकार की नई नीतियों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि बायोमैट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर प्रणाली के कारण खरीद प्रक्रिया धीमी हो रही है, जिससे मंडियों में किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं और उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।
उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पुरानी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जेजेपी कार्यकर्ता किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।
प्रदर्शन के दौरान जेजेपी कार्यकताओं ने सरकार से किसानों के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग करते हुए कहा कि किसान देश की रीढ़ है और उसकी समस्याओं का समय रहते समाधान होना बेहद जरूरी है।
इस अवसर पर सरदार जगरूप सिंह , रणवीर सिंह राणा , हल्का प्रधान नरेंद्र बराड़ , भीम सहारण , मनजीत सिंह पन्नीवाला , हरसिमरन सिंह बब्बू , सुखजिंदर सिंह , हरबंस भीटीवाला , अशोक गर्ग , अमरनाथ बागड़ी , डा. राजेंद्र सुथार , बलबीर सिंह , अशोक सैनी , गुरपाल सिंह , गमदूर सिंह , बलबीर सिंह तिगड़ी , टेक सिंह चोरमार , जसपाल सिंह अलीका , कृष्ण लाल , जसवीर नैन , गुरमीत सिंह चोरमार , रवि खुइयां सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसपी भूपेंद्र सिंह ने उठान को लेकर किया इसराना मंडी का औचक निरीक्षण



**निरीक्षण**

**खरीद, उठान और भुगतान का आंकलन किया तथा मौके पर मौजूद किसानों से संवाद किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 15 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया और एसपी भूपेंद्र सिंह ने एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन व अन्य अधिकारियों के साथ इसराना मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खरीद, उठान और भुगतान का विस्तृत आंकलन किया तथा मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान किसानों ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े पोर्टल के सुचारू रूप से कार्य न करने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने किसानों को आश्वस्त किया कि पोर्टल से संबंधित समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है और बहुत जल्द पोर्टल की स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। वहीं आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान जयकरण जागलान व आढ़ती विकास घनघस ने उपायुक्त से अनाज मंडी में खरीदे गए गेहूं के उठान में तेजी लानी की मांग की और डीसी ने समाधान का भरोसा दिलाया। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद हैफेड व एचडब्ल्यूसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उठान में तेजी लाई जाये और कही पर भी लापरवाही मिली तो सहन नहीं होगी। एसपी ने बताया कि किसानों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मंडी परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अकाल अकेडमी भूंसला में बैसाखी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजित



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** बैसाखी के पवित्र और खुशी भरे त्योहार को समर्पित करते हुए अकाल अकैडमी भूंसला में विभिन्न रंगारंग और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दस्तार बांधने की प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और सुंदर लिखारी (हैंडराइटिंग) प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। दस्तार बांधने की प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को सिख धर्म की परंपराओं और संस्कृति से जोड ? का कार्य किया। बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से दस्तार बांधकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।
क्विज प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया, वहीं सुंदर लिखारी प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी लिखावट की सुंदरता और साफ-सफाई को बखूबी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें अपने संस्कारों और विरासत से जोडना था। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल गुरजीत कौर ने बच्चों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## फसल बीमा योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीसी विराट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल बीमा कवर देकर उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। संबंधित विभाग एवं बैंक आपसी समन्वय बनाकर फसल बीमा कवर के तहत किसानों को समय पर वितीय सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर आयोजित जिला स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहें थे।

## जम्मू एंड कश्मीर बैंक शाखा में अमरनाथ यात्रा के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू



**पवित्र यात्रा**

**वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कराकर इस पवित्र यात्रा का लाभ उठाएं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत में गोहाना मोड के पास जम्मू एंड कश्मीर बैंक में बुधवार को 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिये रजिस्ट्रेशन करना शुरू किया गया और यह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 7-8 दिन तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन के पहले दिन ही अमरनाथ यात्रा के लिये पंजीकरण करवाने वाले श्रद्धालुओं की दिनभर भारी भीड लगी रही। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी केदार दत्त कौशिक ने बुधवार को सुबह जेएंडके बैंक के शाखा प्रबंधक संजय महाजन की उपस्थिति में अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण का शुभारंभ किया। केदार दत कौशिक का बैंक में पहुंचने पर शाखा प्रबंधक संजय महाजन ने स्वागत किया। इस मौके पर केदार दत्त कौशिक ने कहा कि श्री अमरनाथ धाम की यात्रा आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है और इसके लिए समय पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कराकर इस पवित्र यात्रा का लाभ उठाएं। बैंक शाखा प्रबंधक संजय महाजन ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु आसानी से अपना पंजीकरण करवा सकें। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं के बारे में भी विस्तार से बतलाया गया। पानीपत शाखा से इस वर्ष का पहला पंजीकरण मोहित पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी गांव कारद का किया गया और शाम 4.30 बजे तक 80 श्रद्धालुओं का पंजीकरण हो चुका है।

## जिला में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी, गेहूं उठान में तेजी लाने के दिए निर्देश: डीसी आनंद कुमार



**रक्तदान शिविर**

**संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 15 अप्रैल(मैनपाल कश्यपप** ) डीसी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को निसिंग अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद, उठान व्यवस्था और गेट पास प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। रीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में पहुंचकर गेहूं की ढेरियों पर नमी मापक यंत्र से नमी की जांच करवाई। इसके साथ ही उन्होंने गेट पास व बायोमेट्रिक प्रक्रिया का भी जायजा लिया।
इसके साथ ही मंडी में इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगाने और इससे संबंधित प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए।
इस दौरान उन्होंने मंडी में उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की और कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और निर्धारित मानकों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि जिला में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। किसान अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। इस मौके पर एडीसी डॉ राहुल रईया, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीएफएससी मुकेश कुमार, आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर सरकारी स्कूल गुहला की ओर कर रहे रुख: मुकेश कुमार



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां अब अभिभावकों का रुझान धीरे-धीरे सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ रहा है। इसका ताजा उदाहरण गुहला का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बना है, जहां बेहतर शिक्षा व्यवस्था और सुविधाओं के चलते दर्जनों विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर यहां दाखिला लिया है। इसी कड़ी में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार ने विद्यालय का दौरा कर मिड-डे मील योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। विद्यालय के प्रिंसिपल नरेन्द्र दीक्षित ने बताया कि स्कूल में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि अभिभावक अब निजी स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूल पर भरोसा जता रहे हैं।

# किशोरियों में बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**अपील**

**डॉ. टीना ने परिजनों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य करवाएं।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** किशोरियों में बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद के निदेर्शानुसार बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की



टीम ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को इस गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के परिजनों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया और हर लड़की का समय पर टीकाकरण कराने का आग्रह किया गया। टीम ने अभिभावकों को वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभाव और सरकारी दिशा-निदेर्शों की जानकारी भी दी।वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ रही एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते टीकाकरण और जागरूकता से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को लेकर हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही काफी गंभीर हैं। इसी के तहत सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।डॉ. टीना ने परिजनों से अपील की कि वे किसी भी भ्रांति में न आएं और अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित है। इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं, जबकि इसके लाभ जीवनरक्षक हैं। स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता टीम में स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश धनखड़,बबीता,उषा,कविता सहित कई वर्कर मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से जली गेहूं की फसल पर किसानों ने दिया धरना

**ज्ञापन**

**कार्यकारी अभियंता के नाम ज्ञापन एसडीओ को सौंपा, मुआवजे की मांग**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । गांव गुमड़ में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलने के मामले में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल के नेतृत्व में किसानों ने गन्नौर बिजली कार्यालय परिसर में धरना देकर मुआवजे की मांग की। किसानों का आरोप है कि 13 अप्रैल को दोपहर बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे कई एकड़ में खड़ी



गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। धरने के दौरान किसानों ने बिजली प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नुकसान की भरपाई की मांग उठाई। करीब दो घंटे तक किसान बिजली दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे रहे। बाद में गन्नौर बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सोनीपत के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) के नाम ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। इस दौरान एसडीओ अभिषेक ने किसानों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी ।

## न्यूज फ्लैश

### महिला आरक्षण में ओबीसी का कोटा निर्धारित करवाने हेतु जंतर मंतर पर होगा विरोध प्रदर्शन-योगेंद्र योगी



**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ** मोदी सरकार पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को राजनीति से दूर रखने की मंशा से कर रही है काम। जिस प्रकार से संसद सत्र को तीन दिन के लिए जल्दबाजी में बढ़ाया गया है उस से सरकार की नीयत में खोट नजर आ रहा है।

प्रेस के नाम जारी बयान में आरोप लगाते हुए योगेंद्र योगी नेशनल कॉर्डिनेटर कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट प्रभारी झारखंड ने बताया की मोदी सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन करने जा रही है जिसमें लोकसभा की 850 सीट और विधानसभा में लगभग 2000 सीट बढ़ाने जा रही है लेकिन परिसीमन का आधार 2011की जनगणना को बनाया जा रहा है जो कि ठीक नहीं है। उन्होंने कहा अगर भाजपा सरकार परिसीमन करना ही चाहती है तो 2027जाति जनगणना के बाद करे जिस से सारे आंकड़े सामने आ सकें।

योगेंद्र योगी ने कहा कांग्रेस पार्टी महिलाओं के आरक्षण के पक्ष में है। स्व. राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण दिया था उसमें एस सी/एस टी और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को कोटा में कोटा दिया था। जब महिला वंदन बिल पर बहस हो रही थी तब भी कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी महिलाओं को कोटा में कोटा देने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था।

योगेंद्र योगी ने बताया कि लोकसभा में ओबीसी के सांसद लगभग 25% हैं जबकि ओबीसी की आबादी लगभग 60% है। बिहार और तेलंगाना में हुई जाति जनगणना के अनुसार।

अगर कोटा में कोटा नहीं मिलता तो ये ओबीसी वर्ग के लिए अन्याय होगा।योगेंद्र योगी ने बताया कि कल दिल्ली जंतर मंतर पर कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट और एस सी डिपार्टमेंट सयुक्त रूप से धरना देकर कोटा में कोटा देने की मांग करेंगे।

इस धरने में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, जितेंद्र बघेल, सुभाषिनी यादव राष्ट्रीय सचिव एवं सभी ओबीसी सांसद अपनी मांग को लेकर बैठेंगे।

### केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में इतिहास प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



**नरवाना, 15 अप्रैल**
**राहुल**

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के इतिहास विभाग एवं इतिहास संकलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जगजीत सिंह मोर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद साहिल, प्रवीण व नसीब की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मीनाक्षी, तृषा तथा अंशिका की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि कोमल, सेजल एवं नीलम की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एमए इतिहास प्रथम वर्ष के छात्र साहिल ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर राजेश श्योकंद, प्रो. प्रोमिला एवं प्रो. कमलजीत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर इतिहास विभाग की प्रोफेसर मीनाक्षी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने और सफल बनाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# पुलिस की कामयाबी, बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात का पदार्फाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** थाना सदर क्षेत्र के गांव धोली में एक बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर हथियारों के बल पर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी दीपक के कड़े निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इस वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपितों को 14 अप्रैल को गुरुग्राम के बिलासपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रूपेश वासी सईया आगरा यूपी और सौरव वासी रसीदपुर हाथरस यूपी के रूप में हुई है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक और क्षेत्र के कई सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच कर आरोपितों के




ठिकाने का पता लगाया।

16 और 17 मार्च की मध्य रात्रि करीब 1:30 बजे गांव धोली निवासी कमलेश देवी अपने घर पर अकेली सो रही थी। तभी दरवाजे पर आहट सुनकर जैसे ही उसने दरवाजा खोला, बाहर खड़े दो अज्ञात बदमाशों ने उसपर हमला कर दिया। एक बदमाश ने महिला की आंखों पर हाथ रखकर उसकी गर्दन पर चाकू लगा दिया, जबकि दूसरे बदमाश ने जबरन उसने कानों से सोने की बाली, नाक से सोने की लौंग, हाथ से चांदी की अंगूठी और पैरों से चांदी की पाजेब छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित महिला को शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए थे। इस घटना की शिकायत मिलने पर थाना सदर में तुरंत प्रभाव से भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी दीपक ने आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया था। इन्हीं टीमों ने कड़ी मशक्कत और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपितों को बिलासपुर से धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# पशुवाडे का ताला तोड़ भैंस व कटिया चोरी, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर ।** गांव खेड़ी तगा में अज्ञात चोरों द्वारा पशुबाड़े का ताला तोड़कर भैंस व कटिया चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी नौकरी करता है। 14 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह अपनी भैंस व कटिया को चारा डालकर गांव में बने अपने घेर से घर चला गया था। अगले दिन 15 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे जब वह दोबारा घेर पर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर से भैंस व कटिया गायब थे। उसने आशंका जताई कि अज्ञात चोर रात के समय ताला तोड़कर पशुओं को चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पुलिस चोरों की तलाश कर रही है ।

# घर में घुसकर मारपीट व देसी पिस्तौल दिखाकर धमकी, तीन पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** गांव गुमड़ में रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट करने और देसी पिस्टल दिखाकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर थाना गन्नौर की अनुसंधान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक तेजप्रकाश ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए घटना मे संलिप्त आरोपी दिलशाद पुत्र इकबाल निवासी गांव बिलंदपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय मे पेश कर-के न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। गौरतलब है कि गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में जसमेर ने बताया कि करीब पांच-छह दिन पहले उसके बेटे नितीश का गांव के धर्मा व तनिश के साथ कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 13 अप्रैल की रात करीब 9 बजे तीन युवक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसके घर पहुंचे। आरोप है कि दो युवक घर में घुस आए और जसमेर के साथ मारपीट शुरू कर दी, जबकि तीसरा युवक बाहर खड़ा रहा। आरोपितों में से एक ने देसी पिस्तौल निकालकर पूरे परिवार को डराया-धमकाया और पीछे हटने को कहा। इसी दौरान धर्मा ने लकड़ी के डंडों से जसमेर और उसकी पत्नी सीमा के साथ मारपीट की।

# हैप्पी चाइल्ड स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, शगुन ने किया स्कूल में टॉप

**गन्नौर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गन्नौर के हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक संजय नागपाल व सुनील नागपाल ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शगुन ने 500 में से 495 अंक (99 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जागृति ने 482 अंक (96.4 प्रतिशत) के साथ दूसरा और वंशिका ने 473 अंक (94.6 प्रतिशत) लेकर तीसरा



स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अमृता (470 अंक), वंशिका (468 अंक) और खुशी (467 अंक) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। अन्य विद्यार्थियों में आस्पन (460 अंक), सारिका (457 अंक), स्नेहा, जितेन वर्मा, सक्षम सहित कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक संजय नागपाल व सुनील नागपाल ने प्रधानाचार्या रीता नागपाल, निधि नागपाल, शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नई अनाज मंडी नरवाना में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना, 15 अप्रैल राहुल हथो**

नई अनाज मंडी नरवाना में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना आज भी जारी रहा। यह धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष, अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलजिंद्र सिंह अम्बरसर ने की, जबकि मंच संचालन सतबीर फौजी ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने कहा कि मौजूदा सरकार की किसानों के प्रति बेरुखी और तानाशाही का रवैया आज पर्चेज सेंटरों और मंडियों में साफ दिखाई दे रहा है।

# गांव दादूपुर रोडान में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रतिभा सम्मान**

**मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और समानता एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गांव दादूपुर रोडन में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव एवं क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित करना तथा




उन्हें आगे बढ? के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सत्यवान महिवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और समाज में समानता एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे मजबूत साधन बनाएं और समाज के विकास में योगदान दें। इसके अतिरिक्त खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर द्वारा किया गया था। प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर पर पीएचडी की है एवं किताब और अनेक शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। मंच संचालन का काम सोमपाल एवं विक्की चंडालिया ने किया। इस अवसर पर आस-पड़ोस के 9 गांव के 44 विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई में उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकली भव्य स्कूटी रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को शहर में महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित भव्य स्कूटी रैली निकाली गई। डीएवी कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू हुई इस रैली में सैकड़ों महिलाओं, छात्राओं और नगर निगम की महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण के ऐतिहासिक निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

रैली को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और पूर्व मेयर मदन चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेयर सुमन बहमनी के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आनंद, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर सहित कई महिला पार्षद और बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शामिल रहीं। डीएवी कन्या कॉलेज, जीएनजी कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों की छात्राओं की भागीदारी ने रैली को विशेष उत्साह से भर दिया। रैली डीएवी कॉलेज गेट से शुरू होकर रेलवे रोड, प्यारा चौक, संत निरंकारी चौक और शहीद भगत सिंह चौक से होते हुए वापस कॉलेज परिसर में आकर संपन्न हुई।

# मिट्टी से भरे ओवरलोडिंग डंपरों से उड़ती धूल से परेशान है लोग, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** मिट्टी से भरे ओवरलोडिंग डंपरों से उड़ती धूल से लोग परेशान है। खुले में मिट्टी ढो रहे भारी वाहन दुपहिया वाहन चालकों, दुकानदारों और पैदल राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। हालात यह हैं कि प्रशासन की नाक के नीचे से ये ओवरलोडिंग डंपर धड़ल्ले से गुजर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे हुए नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मिट्टी से लदे ये वाहन बिना तिरपाल ढके सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे हर समय धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। इससे न केवल दृश्यता प्रभावित होती है, बल्कि

**खतरा**

**आरटीओ से इनके फिर चालान करने के साथ इनको इंपाउंड भी किया जाएगा : एसडीएम**

सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। दुपहिया वाहन चालकों का कहना है कि कई बार आंखों में मिट्टी घुस जाने से संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। कुछ लोगों ने बताया कि वे रोजाना इसी समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। दुकानदारों



की परेशानी भी कम नहीं है। कई दुकानदारों ने कहा कि धूल की वजह से ग्राहक दुकान में रुकना भी पसंद नहीं करते, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है।

### सभी डंपरों को तिरपाल से ढकना अनिवार्य, उपायुक्त ने दिए थे आदेश

गौरतलब है कि पूर्व में तत्कालीन जिला उपायुक्त द्वारा स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए गए थे कि मिट्टी से भरा कोई भी वाहन खुला नहीं चलेगा। सभी डंपरों को तिरपाल से ढकना अनिवार्य होगा और जिन रास्तों से ये वाहन गुजरेंगे, वहां नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाएगा, ताकि धूल न उड़े और आमजन को परेशानी न हो। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद ये आदेश कागजों तक ही सीमित रह गए हैं और ओवरलोडिंग वाहन पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोडिंग डंपरों पर तत्काल रोक लगाई जाए, खुले में मिट्टी ढोने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पूर्व में जारी निदेर्शों को सख्ती से लागू कराया जाए।

**आरटीओ से इनके फिर चालान करने के साथ इनको इंपाउंड भी किया जाएगा : एसडीएम**

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि जो ओवरलोड मिट्टी के वाहन चल रहे है उनका पहले भी चालान किए गए थे और आगे भी कोई बगैर तिरपाल ढके वाहन चलता पाया गया तो आरटीओ से इनके फिर चालान करने के साथ इनको इंपाउंड भी किया जाएगा।

# निगमायुक्त ने जिला पुस्तकालय व सद्भावना चौक के नवीनीकरण कार्य का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को निगम अभियंताओं के साथ निमार्णाधीन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे रोड़ स्थित जिला पुस्तकालय तथा मीरा घाटी स्थिति मीरा साहब सद्भावना चौक के नवीनीकरण कार्य की मौके पर जाकर प्रगति देखी।

सबसे पहले उन्होंने रेलवे रोड़ स्थित जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया, जहां पाया गया कि काम देरी व धीमी गति से चल रहा है तथा मौका पर लेबर की संख्या भी कम मिली, जिसके चलते उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई और उन पर पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियंताओं से कहा कि इस कार्य को तेजी से करवाते हुए जल्द पूरा करवाया जाए।

बता दें कि जिला पुस्तकालय के नवीनीकरण के तहत इसमें डिजिटल लाईब्रेरी के अनुरूप कार्य करवाए जाएंगे। इसके ऊपर एक नई मंजिल का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नए कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, टेबल, चेयर, स्टोर रूम, फर्श, फ्लोरिंग तथा लिफ्ट लगाने जैसे कार्य करवाए जाएंगे। इन सभी कार्यों पर करीब 2 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके बाद निगमायुक्त ने मीरा घाटी स्थिति मीरा साहब सद्भवना चौक के नवीनीकरण कार्य की प्रगति देखी। काम में धीमी गति के चलते उन्होंने एजेंसी व अभियंताओं पर असंतुष्टिद्द जाहिर की और निर्देश दिए कि दो दिन में फाउंटेन में टाईलें लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाए और उसके साथ बाउंडरी पर ग्रिल लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाए।

# बंगाल के लोगों का देश और दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदानः कपिल मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली सचिवालय में बुधवार को बंगाल दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने बंगाली नववर्ष के पहले दिन 'बांग्ला दिवस' एवं पोइला बैसाख की दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में बंगाल का योगदान अप्रतिम है, साथ ही शिक्षा, विज्ञान, कला, साहित्य और सिनेमा में बांग्ला भाषियों ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि बंगाल के लोगों का देश और दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

कपिल मिश्रा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की दिशा में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए यह आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सभी राज्यों के दिवस का आयोजन हो रहा है ताकि देश की विविध सांस्कृतिक



पहचान को प्रोत्साहन मिल सके। कपिल मिश्रा ने कहा कि बंगाल की पहचान भारत के सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी आंदोलन के केंद्र के रूप में होती है। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत को राष्ट्रगान और बंकिमचन्द्र चटर्जी ने राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' दिया। कोलकाता को कभी भारत की बौद्धिक राजधानी कहा जाता था। सुभाष चन्द्र बोस जैसे महान स्वतंत्रता नायक का देश हमेशा ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे आध्यात्मिक गुरू और राजा राममोहन राय जैसे समाज सुधारकों ने नई चेतना का संचार किया। वहीं, जगदीश चन्द्र बोस एवं सी. वी. रमन जैसे वैज्ञानिकों ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया। बंगाल भारत की सांस्कृतिक आत्मा, बौद्धिक चेतना और राष्ट्रवादी भावना का प्रमुख केंद्र रहा है, जिसने देश को हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर सचिवालय में पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध रवीन्द्र नाट्यम, रवीन्द्र संगीत, बाउल संगीत, झुमैर नृत्य एवं धुनुची नृत्य के जरिये ढाक की थाप पर दुर्गा स्तुति एवं मनमोहक प्रस्तुति का दर्शकों ने आनंद लिया।

करीब 22 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से साहित्य कला परिषद ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

## महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाला पैदल मार्च




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मधुवन चौक पर सैकड़ो महिलाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से आई महिलाओं ने निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन से लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन तक पैदल मार्च कर अपना समर्थन दिया। इस मार्च में जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा और दीपक गाबा, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर अनिल गुप्ता सहित कई निगम पार्षद और सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इंडिया गेट के कर्तव्य पथ पर सैकड़ो महिलाओं द्वारा सांसद बाँसुरी स्वराज के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मार्च निकाला गया। विधायक शिखा रॉय, निगम पार्षद अंजुम मंडल, पूर्व पार्षद डा. नंदनी शर्मा सहित सैकड़ों महिलाओं के हाथो में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन वाले प्ले कार्ड थे।

## अस्पतालों में थैलेसीमिया की दवाई उपलब्ध न होने के कारण लोग परेशानः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों की भारी कमी है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सरकार की लापरवाही और अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं होना मानव अधिकारों का हनन है जबकि एक थैलेसीमिया प्रभावित व्यस्क मरीज के लिए 21000 रुपये की दवाई की जरुरत है, जबकि अस्पतालों में डेस्फरल नामक



दवाई की कमी दिखाई जा रही है और दवाई बनाने वाली कम्पनी के अनुसार मार्केट में थैलेसीमिया के बचाने की जीवन रक्षक दवाई की कोई कमी नहीं है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में थैलेसीमिया की दवाई उपलब्ध न होने के कारण निजी बाजार से महंगी कीमत में खरीदने को मजबूर है। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछा कि क्या दिल्ली में थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से प्रभावित लगभग 2600 लोगों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए डेस्फरल दवाई का इंतजाम नहीं कर सकती? उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2025-26 में स्वास्थ्य बजट 6784 करोड़ रखा गया और 2026-27 में 12645 करोड़ रुपये बजट का आवंटन में से थैलेसीमिया के 2-3 हजार मरीजों को जीवन रक्षक दवाई उपलब्ध नहीं करा सकती।

## बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलिः राजेश बैनिवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन के तत्वाधान में संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब के आदर्शों को याद किया गया और समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी गईं।





**प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण**

कार्यक्रम के दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मुख्य समारोह में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल के साथ बीपी गोडीयाल, सुभाष, मदन वाल्मीकि, बृजेश कुमार, मुकेश उज्जैनवाल और विजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**शिक्षित और संगठित समाज का आह्वान**

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल ने कहा कि बाबा साहब ने जो मार्ग दिखाया है, वह समानता और न्याय का मार्ग है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और उनके द्वारा दिए गए। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मंत्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

**विभिन्न क्षेत्रों में हुए आयोजन**

राजेश बैनिवाल ने बताया कि यूनियन के माध्यम से केवल एक जगह नहीं, बल्कि केशवपुरम, बांकनेर गांव और दिल्ली के कई अन्य हिस्सों में भी जयंती समारोह आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर लोगों को बाबा साहब के योगदान और अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर समाज की एकता और सेवा का संकल्प भी दोहराया।

इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक विधेयक है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश की पूर्व प्रदेश मंत्री मुस्कान जगदीश ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक विधेयक है, जो हमारे देश की राजनीतिक संरचना को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। आज भारत एक परिवर्तनकारी दौर के मुहाने पर खड़ा है, जहाँ तीन महत्वपूर्ण स्तंभ–सशक्तिकरण, स्वायत्तता और पहुंच इस बदलाव को गति प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि यह विधेयक केवल महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की सक्रिय निमार्ता बनने का अवसर प्रदान करता है। यह महिलाओं में जनसहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करेगा, उभरती महिला नेतृत्व क्षमता को आत्मविश्वास देगा, और उन सामाजिक बाधाओं को धीरे-धीरे समाप्त करेगा, जिन्होंने लंबे समय से महिलाओं की सार्वजनिक और राजनीतिक भागीदारी को सीमित किया है। देश की हर महिला की ओर से, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

## वजीरपुर में जनसेवा की लहर, स्वास्थ्य शिविर और नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सोसाइटी ऑफ हेल्थ एंड एनवायरनमेंट रिसोर्सेज द्वारा वजीरपुर जे.जे. कॉलोनी में दो प्रमुख जनहितकारी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

संस्था के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा और जनजागरूकता फैलाना रहा। जिसमें स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।






**स्वास्थ्य जांच के साथ हुआ चश्मा वितरण**

कार्यक्रम के पहले चरण में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य की जांच की गई।

**लोगों ने उठाया शिविर का लाभ**

इस दौरान आँखों की जांच के बाद जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

**कला के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश**

दूसरे चरण में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। एनएसएस समन्वयक डॉ. अपूर्वा गुप्ता और उनकी टीम के युवाओं ने अपनी प्रस्तुति से समाज को नशे की लत से होने वाले नुकसानों के प्रति सचेत किया गया। नाटक के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

**टीम की सक्रिय भागीदारी**

इस सफल आयोजन में एनएसएस टीम के सदस्य दिव्या पांडे, अंशिका चौहान, प्रज्ञा जैन, यशपाल गर्ग, श्रेया जायसवाल, अनुष्का शुक्ला, दीपक कुमार वर्मा, मुकेश कुमार, आदित्य कुमार सिंह एवं पुरुषोत्तम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में वजीरपुर वार्ड की पार्षद एडवाकेट चित्रा विद्यार्थी और संस्था के कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।

## बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर निकाली मोटरसाइकिल रैली







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मजनू टीला स्थित चंद्रावल में संविधान निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों द्वारा एक विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में बाबा साहब के संदेशों का प्रसार किया।

**पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम की शुरूआत में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बाबा साहब के जयघोष के बीच मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**चंद्रावल से अलीपुर रोड तक निकाली गई रैली**

राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य मोटरसाइकिल रैली चंद्रावल के विभिन्न मार्गों से होते हुए अलीपुर रोड स्थित बाबा साहब स्मारक तक पहुंची। वहां सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। रैली के दौरान युवा हाथों में नीले ध्वज और बाबा साहब की तस्वीरें लेकर चल रहे थे।

**समाज के गणमान्य लोगों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस गौरवशाली अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एकजुट रहे।

**ये लोग रहे मौजूदः** कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक बग्गा, ओमदत्त चंडालिया, अनिल कुमार, नरेश कीर, जगदीश खेरालिया, दिनेश लोथी, जय भगवान, मनोज कुमार, रोहताश कुमार, परवीन कुमार, राजू कुमार, सीमा मारोठिया, राजेश कुमार, भारत ढिकोलिया, नरेंद्र प्रधान, राजेंद्र गोगलिया, सुनील कुमार और अनिल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आने वाली पीढ़ी को बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा लिखे गए संविधान के महत्व की जानकारी मिलती है।

## दुआओं में है बड़ी ताकत, निःस्वार्थ सेवा से जीवन होता है सार्थक

# समाज सेवा से मन को मिलती है सच्ची शांतिः अश्वनी खत्री





**समाजसेवी अश्वनी खत्री ने कहा...**

- **सिर्फ पैसा कमाना और उसे खर्च करना ही जिंदगी नहीं है। जब हमारी सेवा से किसी की जिंदगी में सुधार आता है, तभी जीवन जीना सार्थक लगता है।**
- **सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिएः खत्री**





**नरेला** के प्रसिद्ध समाजसेवी और श्री लखमी चंद ट्रस्ट के अध्यक्ष अश्वनी खत्री ने समाज सेवा को आत्मिक शांति का सबसे बड़ा मार्ग बताया है। उनका मानना है कि जब इंसान केवल अपने बारे में सोचता है, तो वह तनाव, लालच और तुलना के जाल में फंसा रहता है।

लेकिन जैसे ही वह किसी जरूरतमंद की मदद के लिए हाथ बढ़ाता है, उसे परम आनंद की अनुभूति होती है।

**दुआओं का होता है खासा असर**

अश्वनी खत्री के अनुसार, किसी भूखे को भोजन कराना, बीमार को दवा दिलाना या किसी निर्धन बच्चे को शिक्षा के लिए किताबें देना–इन कार्यों से मिलने वाली दुआएं सीधे दिल को ठंडक पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा, "सिर्फ पैसा कमाना और उसे खर्च करना ही जिंदगी नहीं है। जब हमारी सेवा से किसी की जिंदगी में सुधार आता है, तभी जीवन जीना सार्थक लगता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि निःस्वार्थ सेवा से मन के विकार जैसे गुस्सा और जलन स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं।

**पिता की प्रेरणा से 2019 से जारी है सेवा का सफर**

खत्री ने बताया कि वे साल 2019 से 'श्री लखमी चंद ट्रस्ट' का संचालन कर रहे हैं।

उन्होंने अपनी प्रेरणा के स्रोत के बारे में बात करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा से उनके आदर्श रहे हैं। बचपन से ही अपने पिता को लोगों की मदद करते देख उनमें समाज सेवा के संस्कार विकसित हुए। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए अश्वनी खत्री समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर ट्रस्ट का विशेष जोर**

श्री लखमी चंद ट्रस्ट के माध्यम से समय-समय पर निम्नलिखित कार्य किए जा रहे हैं।

**छात्रों की मददः** गरीब बच्चों को किताबें, स्कूल बैग और वर्दी वितरित करना।

**कौशल विकासः** बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।

**सामाजिक सद्भावः** स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए नीतिगत स्तर पर योगदान।

अश्वनी खत्री ने अंत में कहा कि समाज सेवा एक ऐसा पथ है, जहाँ व्यक्ति अपने जीवन को दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित कर देता है। यही वह रास्ता है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ व्यक्ति को खुद के भीतर भी शांति प्रदान करता है।

**-प्रस्तुतिः एक्शन इंडिया**

# मंडी सचिव को चेतावनी: वापसी में ट्रैक्टर दिखे तो दिन भर कान पकड़वाकर खड़ा रखूंगा, फतेहाबाद में अभय चौटाला का कड़ा रुख

## इनेलो सुप्रीमो ने किया फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा, किसानों और व्यापारियों से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद, 15 अप्रैल :** इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला बुधवार को प्रदेश की अनाज मंडियों के दौरे के तहत फतेहाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल बीजेपी सरकार की किसान नीतियों पर तीखा प्रहार किया, बल्कि मंडी सचिव को मंच से सार्वजनिक चेतावनी देकर प्रशासनिक अमले में हडकंप मचा दिया। अनाज मंडी में किसानों को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि एडिशनल मंडी के बाहर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और गेट बंद हैं। उन्होंने मंडी सचिव अमित रोहिल्ला को फोन पर चेतावनी देते हुए कहा, मुझे वापसी में सिरसा जाना है, अगर उस समय मुझे ट्रैक्टरों की लाइन दिखाई दी, तो सारा दिन कान पकड़वाकर मंडी के आगे खड़ा रखूंगा। इतना ही नहीं, चौटाला ने सचिव को माइक पर बुलवाया और सार्वजनिक रूप से किसानों को आश्वासन देने को कहा कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं आएगी। उनके निर्देश पर सचिव ने माइक पर अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया ताकि किसान सीधे संपर्क कर सकें। किसानों को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि सरकार कच्ची मंडियों और खरीद केंद्रों को बंद करने की साजिश रच रही थी। आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करने के बजाय कैंसिल किए जा रहे थे। चौटाला ने कहा इनेलो चौधरी देवीलाल द्वारा लगाया गया पौधा है और हम किसानों की सुविधाओं को छिनने नहीं देंगे। हमारी सख्ती के



कारण ही सरकार को यूटर्न लेना पड़ा और रातों-रात आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करने पड़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि कच्ची मंडिया बंद करने व सरकार द्वारा थोपी गई शर्तों को लेकर जब उन्होंने सीएम से मुलाकात की तो सीएम ने ऐसा कोई पत्र जारी करने से इंकार कर दिया। इस पर जब उन्होंने सरकार द्वारा थोपी गई पाबंदियों की चिी सीएम को दिखाई, तो वह अंग्रेजी में थी। चौटाला के अनुसार, सीएम कभी चिी को देखते तो कभी मेरी तरफ। मैंने रामपाल माजरा जी से कहा कि इन्हें हिंदी में समझाओ तब समझ आएगी। इससे साफ है कि अधिकारी मुख्यमंत्री से बिना पूछे मनमर्जी के फरमान जारी कर रहे हैं। इसके बाद सीएम ने उन्हें फरमान वापस लेने का आश्वासन दिया। जब 17 दिन तक कोई फैसला नहीं आया तो उन्होंने राज्यपाल से मिलने का फैसला लिया। इसके बाद सरकार ने यूटर्न लिया कि किसान कभी भी मण्डी में जाकर फसल बेच सकता है। इसके अलावा यह फैसला लिया कि जिन आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू नहीं हो रहे थे, रातों-रात उन्हें रिन्यू किया गया। कच्ची मंडियां दोबारा चालू करनी पड़ी। सीएम से मुलाकात पर कटाक्ष करने वाले अन्य राजनीतिक दलों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे थे कि हम राज्यसभा चुनाव में वोट बेचने गए हैं, लेकिन असल में उनमें किसानों की लड़ाई लडने की हिम्मत नहीं थी। इनेलो ही वह पार्टी है जो मंडियों और किसानों के हितों के लिए चिंतित थी। बायोमेट्रिक के सर्वर डाउन होने से किसान परेशान हैं। अब हाथ से पर्ची काटनी पड़ रही है, जो सरकार की विफलता है। सुनैना चौटाला ने कहा कि सरकार किसानों को डरा रही है कि अंगूठा नहीं लगाया तो पैसा नहीं आएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी किसान का पैसा रुका, तो इनेलो सडकों पर उतरेगी। इस अवसर पर उनके साथ इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला और राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, कुनाल कर्ण सिंह, जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली, सीताराम, अंगद ढिंगसरा, प्रेम सिंह कन्हड़ी, नरेन्द्र सिंह, भागीराम सोनी, रमेश लाली, सतपाल सिधु, विनोद कुमार, जगदीश जैलदार, प्रियंका सिहाग, ईश्वर धांगड़, अमित सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## जेएमआईटी में अंबेडकर जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रादौर, 15 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा जेएमआईटी रादौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाबा साहेब के जीवन, विचारों व उनके योगदान से अवगत कराना रहा। मुख्य वक्ता डॉ. आबिद अली ने छात्रों को संवादात्मक शैली में संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताया और युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं सरपंच एसोसिएशन के प्रधान पम्मी खेड़की ने कहा कि नई पीढ़ी को बाबा साहेब के विचारों से जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं। इस अवसर पर डॉ. गौरव शर्मा, अंकुश सिंगला, डॉ. नवदीप चोपड़ा, हैप्पी खेड़ी, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता, रुपिंदर मल्ली चेयरमैन मार्किट कमेटी, डॉ. राज कुमार, हल्का प्रभारी सोनी कुमार और गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### न्यूज फ्लैश

## यमुनानगर में एंटी नारकोटिक सेल की बड़ी कार्रवाई, 320 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार




**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** जिला की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख रुपये कीमत की 320 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक यमुनानगर के दिशा-निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक कलानौर पेट्रोल पंप के पास नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है।
सूचना के आधार पर इंचार्ज अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसमें उप निरीक्षक सतीश कुमार, ओम प्रकाश, एएसआई जसवीर सिंह, जयपाल, मुख्य सिपाही ललित और सुल्तान शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया।
पूछताछ में आरोपी की पहचान चांदमियां उर्फ अमीर खान पुत्र हसमत खान निवासी गांव चुंगियारी, थाना झिझाना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अजय कुमार सैनी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 320 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।
पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपी से नशा सप्लाई करने वाले और खरीददारों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## मून स्टार प्री स्कूल में गीता पाठ के साथ हुआ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**रादौर, 15 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** मून स्टार प्री स्कूल में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के अवसर पर श्री कृष्ण कृपा समिति द्वारा गीता पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने मिलकर श्रीमद् भगवद गीता के 11वें अध्याय का पाठ किया। इस दौरान श्री कृष्ण, राधा रानी, श्री राम, हनुमान जी व माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर हनुमान चालीसा व आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने श्री कृष्ण कृपा समिति का कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नीतू, जसप्रीत, अनु, शिवानी, सिमरन, वर्षा, उमा, अंजू, बबीता, रानी, शुभम व कृष्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रादौर, 15 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** थाना रादौर पुलिस टीम ने 15 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रबंधक आनंद प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि दिनांक 13 अप्रैल को वह किसी काम के लिए घर से बाहर गया हुआ था। उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की घर में अकेली थी। उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी मोसिन खान ने उसकी नाबालिग लड़की का मुंह दबाकर जबरदस्ती उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ गलत काम किया है। इस शिकायत पर पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर, आरोपी पी को गिरफ्तार करने के लिए महिला एएसआई कोमल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 17 से 19 अप्रैल तक




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला शहर के पिपली बाजार स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर में 17 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में आयोजन समिति द्वारा समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं को कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत 17 अप्रैल (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 18 अप्रैल (शनिवार) को प्रातः 10:30 बजे रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा, जबकि 19 अप्रैल (रविवार) को प्रातः 10 बजे महाराज जी के प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह ऐतिहासिक रथ महाराजा पटियाला के सौजन्य से ब्राह्मण सभा को प्राप्त हुआ था, जिसका विशेष महत्व है। हर वर्ष इसी रथ के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है। इस बार भी शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं तथा समाज में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। समारोह में परम संत अच्युत स्वरूप श्री आरती देवाजी महाराज (गद्दीनशीन, शिवदुर्गा मंदिर क्षेत्र, करतार नगर, अमृतसर) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों दविंद्र शर्मा (चेयरमैन), महेश दत्त वशिष्ठ (कार्यकारी प्रधान), सतीश बक्शी (प्रधान) व माधव शर्मा (मंदिर प्रधान) सहित अन्य सदस्यों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर पुजारी पंकज डिमरी जी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सैंकड़ों छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**समालखा (संजय नरवाल)** आट्टा गांव की भीम राव अंबेडकर संस्था द्वारा वास्तव में अम्बेडकर के विचारों को अपनाया है और 135 वें जन्म दिवस को फलित किया।हर वर्ष की भांति आज फि र अपनी कक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले सैंकड़ों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। सभा के प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि संस्था हर वर्ष प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कापी रजिस्टर,पेन,जमेटरी या अन्य सामग्री से सामाजिक लोगों और स्कूल के अध्यापकों के साथ मिलकर सम्मानित किया जाता है।सभा के खजांची पाला राम ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा छात्रों



को सम्मानित करने के पीछे अन्य बच्चों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे भी इन बच्चों की अच्छी पॉजिशन हासिल कर सकें। गांव के सरपंच दिलबाग सिंह ने बताया कि मैं हमेशा की तरह संस्था के साथ हूं और संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों का सम्मान करता हूं और संस्था के हर व्यक्ति का धन्यवाद करता हूं कि वे लोग वास्तव में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के विचारों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। नरेन्द्र भाई सचिव ने कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभा के सभी सदस्यों के साथ मिलकर अच्छे से तैयारी कर रखी थी।यह कार्य किसी किसी के भाग्य में होता है।इस अवसर पर बलबीर सिंह, सुरेश, नरेंद्र, जगबीर, संदीप , चुन्नी लाल, पालूराम, कुलदीप , महेंद्र व सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

## स्व-गणना का कार्य आज से शुरू

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** एसडीएम एवं जिला जनगणना नोडल अधिकारी राजेश खोथ ने बताया कि जिले में जनगणना के तहत स्व-गणना का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हांसी जिले को पांच भागों में विभाजित किया गया है। इनमें नगर परिषद क्षेत्र हांसी, नगर पालिका क्षेत्र नारनौंद, तहसील हांसी, तहसील नारनौंद तथा तहसील बास शामिल हैं।

## जीवन कौशल (एडवांस्ड) पर क्षमता-विकास कार्यशाला का सफल आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट, अंबाला शहर में सीबीएसई, सी.ओ.ई. पंचकूला के तत्वावधान में लाइफ स्किल्स (एडवांस्ड) विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में उन्नत जीवन-कौशलों की गहन समझ विकसित करना तथा विद्यार्थियों के सामाजिक, भावनात्मक एवं मानसिक विकास में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना था। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक विशेषज्ञ धनेश्वरी एवं दीप्ति प्रभाकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को समृद्ध किया। उन्होंने अपने सत्रों के माध्यम से जीवन कौशल के विभिन्न महत्वपूर्ण आयामों—जैसे आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक संतुलन एवं प्रभावी संप्रेषण—पर

**मार्गदर्शन**

**विशेषज्ञ धनेश्वरी एवं दीप्ति प्रभाकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को समृद्ध किया**

अत्यंत रोचक एवं सहभागी गतिविधियों, समूहझ्रचचाओं तथा अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने प्रशिक्षक विशेषज्ञों का औपचारिक स्वागत करते हुए उन्हें ओम्झ्रपट भेंट कर सम्मानित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने जीवन कौशलों को वर्तमान शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बताते हुए इनके प्रभावी समावेशन पर बल दिया।

## धूमधाम से मनाया सेवा भारती रादौर का वार्षिकोत्सव

**रादौर, 15 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** सेवा भारती रादौर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत महासचिव पंकज कलेर, मुख्य अतिथि डॉ. बिमल गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि अंकित कांबोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक मानसिंह आर्य व प्रधान वेद प्रकाश कांबोज ने की। कार्यक्रम में सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा योग प्रदर्शन से भी दर्शकों को प्रभावित किया। प्रतिभागी बच्चों को



अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पंकज कलेर ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं और सेवा भारती इसी दिशा में कार्य कर रही है। वहीं मानसिंह आर्य ने समाज के पिछड़े वर्गों को साथ लेकर चलने और सेवा कार्यों में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।इस मौके पर डॉ. बलदेव सैनी, प्रदीप चौधरी, धनपत सैनी, अनिल सैनी, सतविंद्र रिंकू, विनय जिंदल, राकेश कांबोज, मंगतराम बठला, विरेंद्र सैनी, गुलाब सिंह, जगमाल रतनगढ़, लक्ष्मी चोपड़ा, अलका, शिवानी, प्रेरणा, जयप्रकाश इत्यादि मौजूद रहे।

**धूमधाम से**

**प्रांत महासचिव पंकज कलेर, मुख्य अतिथि डॉ. बिमल गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि अंकित उपस्थित रहे**

## कांजनू में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, भंडारे का हुआ आयोजन

**रादौर, 15 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव कांजनू स्थित गुरु रविदास मंदिर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।
इसके साथ ही मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कमल



कांजनू ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में भाईचारा और एकता को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर राजीव, पवन कुमार, काला, शशिपाल, अशोक, योगेश, रिंकू, कननी ठेकेदार, छोटू, वंश, कृष्ण, प्रवीण, राजेश, दीपक, सुभाष, साहिल, रोहित, अंकुश, अमन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लाइफ स्किल्स (एडवांस्ड) विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट, अंबाला शहर में सीबीएसई, सी.ओ.ई. पंचकूला के तत्वावधान में लाइफ स्किल्स (एडवांस्ड) विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में उन्नत जीवनझ्रकौशलों की गहन समझ विकसित करना तथा विद्यार्थियों के सामाजिक, भावनात्मक एवं मानसिक विकास में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना था। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक विशेषज्ञ श्रीमती धनेश्वरी एवं



श्रीमती दीप्ति प्रभाकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को समृद्ध किया। उन्होंने अपने सत्रों के माध्यम से जीवन कौशल के विभिन्न महत्वपूर्ण आयामों—जैसे आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक संतुलन एवं प्रभावी संप्रेषण—पर अत्यंत रोचक एवं सहभागी गतिविधियों, समूहझ्रचचाओं तथा अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने प्रशिक्षक विशेषज्ञों का औपचारिक स्वागत करते हुए उन्हें ओम्झ्रपट भेंट कर सम्मानित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने जीवन कौशलों को वर्तमान शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बताते हुए इनके प्रभावी समावेशन पर बल दिया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत सार्थक, प्रेरणादायक एवं व्यावहारिक बताया तथा आशा व्यक्त की कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशलों को अपने शिक्षण में प्रभावी रूप से समाहित कर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 16 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं और तय समय सीमा में ही लक्ष्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। इससे तेज और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**निकाय पदाधिकारियों के साथ भोपाल में होगा एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए। यह कार्यक्रम जल्दी ही किया जाए, ताकि निकायों को काम करने के लिए अधिकतम समय मिल सके।

**राज्य के ऊर्जा हितों का रखें विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर मुरैना में 2 हजार मेगावॉट (2 गीगावॉट) की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की स्थापना की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि इस मेगा परियोजना में राज्य के ऊर्जा हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा मात्र पीक पीरियड में ही ग्रीन एनर्जी सप्लाय की मंशा व्यक्त की गई है।

इस संबंध में उत्तरप्रदेश सरकार के वरिष्ठतम विभागीय अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) प्रोडक्शन के लिए तय किए गए लक्ष्यों को और भी परिशोधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम बी) में अब तक 27 हजार 100 सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। अगले दो साल में 4 लाख पम्पों को सौर ऊजीर्कृत करने का लक्ष्य है। इसके क्रियान्वयन के लिए विभाग ने 36 इकाईयां चुन ली हैं। इस योजना के पहले चरण में विभाग को एक लाख आवेदन मिल चुके हैं।

## विकास कार्यों के प्रस्तावों को शीघ्र अंतिम रूप देकर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाए : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बुधवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में रीवा जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अंतिम रूप देकर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाए जिससे विकास कार्य समयबद्ध रूप से शुरू हो सकें। बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में कमिश्नर बंगला से ढेकहा तिराहे तक 700 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित फ्लाइओवर निर्माण कार्य पर विशेष चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह फ्लाइओवर वर्तमान यातायात दबाव को कम करने के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं दूरदर्शी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली विकसित करेगा। इसके निर्माण से शहर में सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित होगा तथा यातायात बाधाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने लक्ष्मण बाग से कुठुलिया मार्ग में बिछिया नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कुठुलिया मार्ग का विकास लक्ष्मण बाग सहित संस्कृत विश्वविद्यालय तक सहज एवं सुगम पहुंच का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी।



# राजनीतिक दल मुसलमानों को वोट बैंक समझते हैं: ओवैसी



**टीम एक्शन इंडिया**

**आसनसोल।** आसनसोल के रेलपार इलाका स्थित इस्तेमा मैदान में बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सुप्रिमो व हैदराबाद से लोकसभा सांसद असुरुद्दीन ओवैसी चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आसनसोल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दानिश अजीज समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जैसे ही उनका हेलीकॉप्टर मैदान में उतरा, पार्टी नेताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में ओवैसी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुसलमानों ने लंबे समय तक कभी कांग्रेस, कभी वामपंथी दलों और कभी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल पर भरोसा जताया।

लेकिन किसी ने उनके भरोसे को पूरी तरह नहीं निभाया और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। इसके लिए कुछ हद तक मुसलमान समाज भी जिम्मेदार है, जो खुद को सिर्फ वोट बैंक बनकर रहने देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खुद को एक जागरूक नागरिक के रूप में प्रस्तुत करें, तभी उन्हें न्याय, बेहतर शिक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिल पाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो राजनीतिक दल मुसलमानों के साथ वही व्यवहार करते रहेंगे जैसा अब तक होता आया है। ओवैसी ने कहा कि खासकर आसनसोल उत्तर के मतदाताओं ने अब तक सभी प्रमुख पार्टियों को देख लिया है, इसलिए एक बार एआईएमआईएम को भी मौका देना चाहिए।

और उनके प्रत्याशी को विजयी बनाना चाहिए, ताकि उनकी पार्टी क्षेत्र में कुछ ठोस काम कर सके।

उन्होंने अपनी पार्टी पर भाजपा की बी टीम वाले आरोपों को भी खारिज किया। ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी कभी भाजपा के साथ नहीं गई, जबकि ममता बनर्जी अतीत में केंद्र की अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पर लगाए जाने वाले ऐसे सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

# भाजपा की चुनावी घपलेबाजी का पूरी तरह से भंडाफोड़ हो गया: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस बिल को लाने की जल्दबाजी बता रही है कि भाजपा जा रही है।



**साधा निशाना**

**भाजपा की इस बिल को लाने की जल्दबाजी बता रही है कि भाजपा जा रही है: अखिलेश यादव**

उन्होंने भाजपा पर जनगणना टालने की बात कही। सपा नेता अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण को भाजपा की जल्दबाजी से जोड़ते हुए निशाना साधा। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि भाजपा जनगणना को टालना चाहती है क्योंकि जनगणना होगी तो जातिगत जनगणना की भी बात उठेगी और फिर आरक्षण की भी, जो भाजपा नहीं चाहती है। भाजपा को ये भी अच्छी तरह याद है कि पीडीए में ए का मतलब आधी आबादी अर्थात महिला भी है। ये बिल पीडीए का हक-अधिकार मारने की एक बड़ी साज़िश का हिस्सा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि एक बड़ा चुनावी सच ये भी है कि भाजपा की चुनावी घपलेबाजी का अब पूरी तरह से भंडाफोड़ हो गया है। पीडीए प्रहरी एक विचार की तरह हर प्रदेश और हर दल ने स्वीकार कर लिया है। भाजपा पर चौकन्नी नजर रखी जा रही है, इसीलिए अब भाजपा को चुनावी हेराफेरी का कोई और मौका आसानी से नहीं मिलेगा और सच्चे वोट ही, चुनाव का सच्चा नतीजा तय करेंगे। अब हर तरह से भाजपा की कलई खुल गयी है, इसीलिए उसके समर्थक और वोटरों का अकाल पड़ गया है। भाजपा निराशा के इस दौर से उबरने के लिए ये बिल (महिला आरक्षण) ला रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की यही राजनीतिक चाल रहती है।

